उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2010
सामान्य अध्ययन
हल प्रश्न-पत्र
(अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

प्राचीन इतिहास

सूत्रकाल, महाकाव्य काल, संगम काल

1. भागवत सम्प्रदाय में भक्ति के रूपों की संख्या है
(a) 7 (b) 8 (c) 9 (d) 10
उत्तर–(c)

व्याख्या–नारदीय भक्ति सूत्र में 9 प्रकार की भक्ति का उल्लेख है। जिसे नवधाभक्ति कहते हैं। इसका श्लोक इस प्रकार है–श्रवणम् कीर्तिनम् विष्णो स्मरणम् पाद सेवनम्। अर्चनम् वन्दनम् दास्यम् साख्यात्म निवेदनम्।। इस प्रकार विश्व उपासक इन 9 आसक्तियों के माध्यम से भागवत् भक्ति करते हैं। भागवत सम्प्रदाय में मोक्ष प्राप्ति के लिए नवधा भक्ति को मान्यता दी गई है।

बौद्ध, जैन, भागवत एवं शैव धर्म

2. बुद्ध, कौशाम्बी किसके राज्य-काल में आए थे?
(a) शतानीक (b) उदयन (c) बोधि (d) निकक्षु
उत्तर–(b)

व्याख्या–गौतम बुद्ध कौशाम्बी उदयन के राज्य काल में आए थे। कौशाम्बी वत्स महाजनपद की राजधानी थी। बुद्ध ने अपने जीवन का सर्वाधिक उपदेश कोशल देश की राजधानी श्रावस्ती में दिए उन्होंने मगध को अपना प्रचार केन्द्र बनाया।

मौर्य एवं मौर्योत्तर काल

3. किस धर्म को राष्ट्रकूटों का संरक्षण प्राप्त था?
(a) बौद्ध धर्म (b) जैन धर्म
(c) शैव धर्म (d) शाक्त धर्म
उत्तर–(b)

व्याख्या–राष्ट्रकूटों ने अपने शासन काल में जैन धर्म को संरक्षण प्रदान किया। इन्होंने हिन्दू धर्म के अतिरिक्त जैन धर्म को अपना राज्य धर्म बनाया। अमोघवर्ष प्रथम, इन्द्र चतुर्थ, कृष्ण द्वितीय तथा इन्द्र तृतीय जैन धर्म के समर्थक थे। अमोघवर्ष प्रथम के राजदरबार में प्रसिद्ध जैन विद्वान तथा 'आदिपुराण' के लेखक जिनसेन निवास करते थे।

गुप्तकाल एवं गुप्तोत्तर काल

4. 'शक-विजेता' किसे जाना जाता है?
(a) चन्द्रगुप्त प्रथम (b) समुद्रगुप्त
(c) चन्द्रगुप्त द्वितीय (d) कुमारगुप्त
उत्तर–(c)

व्याख्या–शक विजेता के रूप में चन्द्रगुप्त द्वितीय को माना जाता है। पश्चिमी तट पर निवास करने वाली शक जाति के विजय के उपरान्त चन्द्रगुप्त द्वितीय ने 'विक्रमादित्य' की उपाधि धारण की तथा भारतीय अनुश्रुतियों में उसे 'शकारि' के रूप में स्मरण किया जाता है। बाण ने भी चन्द्रगुप्त द्वितीय के शक विजय का उल्लेख किया है। अनुमान लगाया जाता है कि शकों के विरुद्ध उसका अभियान 388-401 ई. के बीच हुआ होगा।

मध्यकालीन इतिहास

दिल्ली सल्तनत

5. बेरोजगारों के सहायतार्थ, दिल्ली के निम्नलिखित सुल्तानों में से किसने 'रोजगार कार्यालय' की स्थापना की थी?
(a) बलबन ने (b) अलाउद्दीन खिलजी ने
(c) मोहम्मद बिन तुगलक ने (d) फिरोज शाह तुगलक ने
उत्तर–(d)

व्याख्या–बेरोजगारों के सहायतार्थ फिरोज तुगलक ने एक रोजगार-दफ्तर स्थापित किया जो बेकार व्यक्तियों को कार्य दिलाता था। उसने एक विभाग दीवान-ए-खैरात स्थापित किया जो मुसलमान अनाथ स्त्रियों और विधवाओं को आर्थिक सहायता देता था। दिल्ली के सुल्तानों में फिरोज शाह तुगलक पहला सुल्तान था जिसने इस्लाम के कानूनों और उलेमा वर्ग को राज्य के शासन में प्रधानता प्रदान की।

6. निम्नलिखित मध्ययुगीन शासकों में से कौन एक उच्च शिक्षित था?
(a) बलबन (b) अलाउद्दीन खलजी
(c) इब्राहिम लोदी (d) शेरशाह
उत्तर–(d)

व्याख्या–शेरशाह शूरी मध्ययुगीन शासकों में उच्च शिक्षित था। शेरशाह शूरी ने जौनपुर में रहकर अरबी, फारसी, इतिहास पर विशेष अध्ययन किया। जौनपुर उस समय प्रसिद्ध शिक्षा का केन्द्र था, जो भारत में 'पूर्व के सिराज' के नाम से प्रसिद्ध था।

बहमनी एवं विजयनगर साम्राज्य

7. 'बेसनगर अभिलेख' का हेलियोडोरस कहाँ का निवासी था?
(a) पुष्कलावती (b) तक्षशिला (c) साकल (d) मथुरा
उत्तर–(b)

व्याख्या–'बेसनगर अभिलेख' का हेलियोडोरस तक्षशिला निवासी था। शुंग वंश के नवें शासक भागभद्र (भागवत) के शासन काल के 14वें वर्ष तक्षशिला के यवन शासक 'एण्टियालकीट्स' का राजदूत हेलियोडोरस विदिशा में वासुदेव के सम्मान में गरुण स्तम्भ स्थापित किया। शुंग काल में संस्कृत भाषा का पुनरुत्थान हुआ। इसके उत्थान में महर्षि पंतजलि का विशेष योगदान था। हेलियोडोरस का गरुण स्तम्भ हिन्दू धर्म से सम्बन्धित प्रथम प्रस्तर स्मारक है। इस काल में भागवत धर्म का उदय हुआ तथा वासुदेव विष्णु की उपासना प्रारम्भ हुई।

मुगल साम्राज्य

8. मध्यकालीन भारत के मुगल शासक वस्तुतः थे
(a) फारसी (ईरानी) (b) अफगान
(c) चगताई तुर्क (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर–(c)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या–मध्यकालीन भारत के मुगल शासक चगताई वंश के थे क्योंकि बाबर पितृ पक्ष की ओर से तैमूर का पाँचवां वंशज तथा मातृ पक्ष की ओर से चंगेज खाँ का 14वाँ वंशज था इस प्रकार उसमें तुर्कों एवं मंगोलों के रक्त का सम्मिश्रण था। बाबर ने जिस नवीन वंश की नींव डाली वह तुर्की नस्ल का 'चुगताई तुर्क वंश' था। इस वंश का नाम चंगेज खां के द्वितीय पुत्र के नाम पर पड़ा था।

9. मुगल मनसबदारी व्यवस्था के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए :

1. 'जात' एवं 'सवार' पद प्रदान किए जाते थे।
2. मनसबदार आनुवांशिक अधिकारी होते थे।
3. मनसबदारों के तीन वर्ग थे।
4. दीवान कार्यालय द्वारा इनको वेतन दिया जाता था।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) 1, 2, 3 एवं 4 (b) 1, 2 एवं 3
(c) 1 एवं 3 (d) उपर्युक्त में कोई नहीं

उत्तर–(c)

व्याख्या–अकबर के शासन काल में मनसबदारी व्यवस्था के अन्तर्गत 'जात' एवं 'सवार' नामक द्वैध मनसब प्रथा को प्रारम्भ किया गया। जात शब्द से व्यक्ति के वेतन तथा पद की स्थिति का बोध होता था जबकि सवार शब्द से 'घुड़सवार दस्ते' की संख्या का बोध होता था। मनसबदारी पद आनुवांशिक नहीं होता था। मनसबदार की मृत्यु या पदच्युति के बाद यह स्वतः समाप्त हो जाता था। मनसबदारों को नकद या जागीर के रूप में वेतन मिलता था इनके वेतन का कार्यालय 'मीरबक्शी' के अधीन होता था।

10. किस मुगल बादशाह ने बलबन द्वारा प्रारम्भ किया गया, दरबारी रिवाज 'सिजदा' समाप्त कर दिया था?

(a) अकबर (b) जहाँगीर (c) शाहजहाँ (d) औरंगजेब

उत्तर–(c)

व्याख्या–शाहजहाँ अपने शासनकाल के प्रारम्भिक वर्षों में इस्लाम का पक्ष लिया किन्तु कालान्तर में दाराशिकोह और जहाँआरा के प्रभाव के कारण सहिष्णु बन गया था। शाहजहाँ ने 1636-37 में 'सिजदा' एवं 'पाबोस' प्रथा को समाप्त कर दिया तथा उसके स्थान पर 'चहार-तस्लीम' की प्रथा शुरू करवायी तथा पगड़ी में बादशाह की तस्वीर पहनने की मनाही कर दी।

आधुनिक इतिहास

1857 का विद्रोह एवं 19वीं शताब्दी का जनान्दोलन

11. निम्नलिखित में से कौन एक कथन मोहम्मद अली जिन्ना के विषय में सही नहीं है?

(a) वे 'दो राष्ट्र सिद्धान्त' के समर्थक थे
(b) उन्होंने 1940 के मुस्लिम लीग के लाहौर के वार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता की थी
(c) असहयोग आन्दोलन में उन्होंने भाग नहीं लिया था
(d) वे सदैव डायरी रखते थे

उत्तर–(d)

व्याख्या–मोहम्मद अली जिन्ना से संबंधित असत्य कथन है वे सदैव डायरी रखते थे। मुहम्मद अली जिन्ना ने दो राष्ट्र सिद्धान्त का समर्थन किया था, उन्होंने 1940 के मुस्लिम लीग के लाहौर के वार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता की थी तथा उन्होंने असहयोग आन्दोलन में भाग नहीं लिया था।

12. 'इन्कलाब जिंदाबाद' का नारा किससे सम्बद्ध है?

(a) चन्द्रशेखर आजाद (b) राम प्रसाद बिस्मिल
(c) भगत सिंह (d) लाला हरदयाल

उत्तर–(c)

व्याख्या–मुकदमें की सुनवायी के दौरान क्रांतिकारी 'इन्कलाब जिन्दाबाद' का नारा लगाते हुए अदालतों में प्रवेश करते थे और साम्राज्यवाद मुर्दाबाद 'सर्वहारा जिन्दाबाद' का नारा लगाते हुए अदालत से बाहर आते थे। इन्कलाब जिन्दाबाद जिसकी रचना मुहम्मद इकबाल ने की थी, का पहली बार नारे के रूप में भगत सिंह ने प्रयोग किया, इन्होंने ही इस नारे को चर्चित बनाया। 23 मार्च, 1931 को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को फाँसी दे दी गई।

स्वतंत्रता संग्राम एवं राष्ट्रीय आन्दोलन

13. निम्नलिखित में से किस महिला क्रान्तिकारी ने दीक्षान्त समारोह में अपनी उपाधि (डिग्री) ग्रहण करते समय अंग्रेज गवर्नर (कुलाधिपति) पर गोली चलाई थी?

(a) शान्ति घोष (b) सुनीति चौधरी
(c) बीना दास (d) कल्पना दत्त (जोशी)

उत्तर–(c)

व्याख्या–क्रांतिकारी आतंकवादी आंदोलन के द्वितीय चरण में बंगाल में अनुशीलन और युगांतर जैसी क्रांतिकारी संस्थायें एक बार फिर से सक्रिय हुई। इसी समय बंगाल में हेमचंद्र घोष तथा लीला नाग ने बंगाल स्वयंसेवक संघ तथा अनिल राय ने श्री संघ नामक संस्था की स्थापना की। दिसम्बर 1931 में कोमिला की दो युवतियों सुनीति चौधरी और शांतिघोष ने कोमिला के जिलाधिकारी की हत्या कर दी। फरवरी 1932 में बीना दास ने कलकत्ता विश्वविद्यालय के एक दीक्षांत समारोह के दौरान उपाधि ग्रहण करते समय गवर्नर पर गोली चलायी।

14. 1857 के निम्नलिखित क्रान्तिकारियों में से किसका वास्तविक नाम 'रामचन्द्र पाण्डुरंग' था?

(a) कुँवर सिंह (b) तात्या टोपे
(c) नाना साहेब (d) मंगल पाण्डेय

उत्तर–(b)

व्याख्या–तात्या टोपे जिनका वास्तविक नाम 'रामचन्द्र पांडुरंग' था, ग्वालियर के पतन के बाद अप्रैल, 1859 में नेपाल चले गये, जहाँ पर एक जमींदार मित्र मानसिंह के विश्वासघात के कारण पकड़े गये तथा 18 अप्रैल, 1859 को फाँसी पर लटका दिये गये। तात्या टोपे की गिरफ्तारी मध्य भारत में 1857 के विद्रोह की अन्तिम घटना थी।

15. 1907 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सूरत के वार्षिक अधिवेशन के अध्यक्ष थे-

(a) दादाभाई नौरोजी (b) बाल गंगाधर तिलक
(c) गोपाल कृष्ण गोखले (d) आर.बी. घोष

उत्तर–(d)

व्याख्या– सन् 1907 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सूरत के वार्षिक अधिवेशन के अध्यक्ष रास बिहारी घोष थे। यह अधिवेशन पहले नागपुर में होना था। 'स्वराज' शब्द की व्याख्या को लेकर कांग्रेस का विभाजन हो गया तथा यह नरम दल एवं गरम दल में बट गया। इस कारण सूरत अधिवेशन की कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी। अतः उसी अधिवेशन को मद्रास में पुनः आयोजित किया गया। कांग्रेस विभाजन के बाद नरम पंथियों का कांग्रेस पर प्रभुत्व स्थापित हो गया।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

16. आजाद हिन्द फौज के अधिकारियों के उनके लाल किले में चल रहे मुकद्दमे में उनके पक्ष से निम्नलिखित में से किसने वकालत की थी?

(a) सी.आर. दास (b) मोतीलाल नेहरू
(c) एम.ए. जिन्ना (d) सर टी.बी. सप्रू

उत्तर–(d)

व्याख्या– सन् 1945 में आजाद हिन्द फौज के सिपाहियों द्वारा समर्पण के बाद सरकार ने उन पर निष्ठा की शपथ (सरकार के प्रति) तोड़ने के आरोप में लालकिले में मुकदमा चलाने का निर्णय लिया। सरकार के इस निर्णय के विरुद्ध समूचे देश में आंदोलन शुरू हो गया। कांग्रेस ने I.N.A. के सिपाहियों को बचाने के लिए 'आजाद हिन्द बचाव समिति' की स्थापना की। बचाव पक्ष के वकीलों में भूला भाई देसाई प्रमुख थे। उनका सहयोग करने के लिए तेज बहादुर सप्रू, काटजू, जवाहर लाल नेहरू ने भी अदालत में बहस की। आजाद हिन्द फौज के सिपाही सरदार कर्नल गुरुदयाल सिंह ढ़िल्लो, कर्नल प्रेम सहगल, शाहनवाज पर मुकदमा चलाया गया संक्षिप्त मुकदमें के बाद इन्हें फाँसी की सजा सुनाई गई। सरकार के इस निर्णय ने समूचे देश को स्तब्ध कर दिया लोगों के हस्ताक्षरों, सभाओं के दौर ने वायसराय को अपना विशेषाधिकार प्रयोग कर तीनों की फाँसी माफ करने को विवश होना पड़ा।

17. मुस्लिम लीग द्वारा निम्नलिखित में से किस तिथि को 'सीधी कार्यवाही दिवस' के रूप में निश्चित किया गया था?

(a) 15 अगस्त 1946 (b) 16 अगस्त 1946
(c) 17 अगस्त 1946 (d) 18 अगस्त 1946

उत्तर–(b)

व्याख्या–16 अगस्त, 1946 को लीग ने 'सीधी कार्यवाही दिवस' को प्रारम्भ किया। लीग की इस कार्यवाही का उद्देश्य साम्प्रदायिक दंगे फैलाना तथा आतंक का माहौल बनाकर यह सिद्ध करना था कि हिन्दू-मुसलमान एक साथ नहीं रह सकते।

18. निम्नलिखित में से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में कांग्रेस-अध्यक्ष के चुनाव में सुभाष चन्द्र बोस ने पट्टाभि सीतारमैय्या को पराजित किया था?

(a) हरिपुरा अधिवेशन, 1938 (b) त्रिपुरी अधिवेशन, 1939
(c) लाहौर अधिवेशन, 1929 (d) मद्रास अधिवेशन, 1927

उत्तर–(b)

व्याख्या– सन् 1939 के त्रिपुरी कांग्रेस के वार्षिक अधिवेशन में सुभाष चन्द्र बोस दूसरी बार अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बने, वे गाँधी जी के पसन्द के उम्मीदवार पट्टाभि सीतारमैय्या को परास्त कर दूसरी बार अध्यक्ष चुन लिये गये। गाँधी जी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बताया। चुनाव के बाद अधिवेशन में पारित प्रस्ताव द्वारा अध्यक्ष को गाँधी जी की इच्छानुसार कार्य समिति के सदस्य नियुक्त करने को कहा गया लेकिन गाँधी जी ने कोई भी नाम सुझाने से इन्कार कर दिया। अन्ततः सुभाष चंद्र बोस ने अप्रैल, 1939 को कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को सुभाष की जगह नया कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया।

19. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित है?

(a) लाजपत राय : पावर्टी ऐन्ड अनब्रिटिश रूल इन इण्डिया
(b) दादाभाई नौरोजी : अनहैपी इण्डिया
(c) रफीक जकारिया : द मैन हू डिवाईडेड इण्डिया
(d) सुभाष चन्द्र बोस : गिल्टी मेन आफ इन्डियाज पार्टीशन

उत्तर–(c)

व्याख्या–सही सुमेल निम्नवत् है-

लाला लाजपत राय	अनहैपी इण्डिया
दादा भाई नौरोजी	पावर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इण्डिया
रफीक जकारिया	द मैन हू डिवाइडेड इण्डिया
डॉ. राम मनोहर लोहिया	गिल्टी मैन ऑफ इण्डियाज पार्टीशन

20. 1929 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता की थी :

(a) मोतीलाल नेहरू ने (b) सी.आर. दास ने
(c) जवाहर लाल नेहरू ने (d) एस.सी. बोस ने

उत्तर–(c)

व्याख्या–कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में ब्रिटिश सरकार को दी गई एक वर्ष की समय सीमा (डोमिनियन स्टेट के संदर्भ में) समाप्त हो जाने के बाद 31 दिसम्बर 1929 को कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन का आयोजन किया गया। कांग्रेस के ऐतिहासिक लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता पं. जवाहर लाल नेहरू ने की। कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पारित किए गये कुछ ऐतिहासिक प्रस्ताव इस प्रकार हैं–1. नेहरू समिति की रिपोर्ट को निरस्त घोषित कर दिया गया। 2. लाहौर कांग्रेस के अधिवेशन में पारित पूर्ण स्वराज्य के प्रस्ताव के अनुसार कांग्रेस के संविधान में 'स्वराज्य' शब्द का अब से अर्थ पूर्ण स्वतंत्रता या 'पूर्ण स्वराज्य' होगा इसे ही अब राष्ट्रीय आंदोलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

भारत का भूगोल

भौतिक संरचना/अपवाह तंत्र/मानव भूगोल

21. 'फॉन' एक स्थानीय पवन है-

(a) चीन की (b) कोरिया की (c) जापान की (d) स्विट्जरलैण्ड की

उत्तर–(d)

व्याख्या–फॉन दक्षिणी गोलार्द्ध में बहने वाली एक शुष्क एवं गर्म पवन है, जो स्विट्जरलैण्ड, दक्षिणी जर्मनी और पश्चिमी ऑस्ट्रिया से होकर बहती है तथा आल्प्स पर्वत पार करके उत्तरी इटली तक पहुँच जाती है। फॉन का सर्वाधिक प्रभाव स्विटजरलैण्ड में होता है।

22. निम्नलिखित में से कौन एक सुमेलित नहीं है?

(a) नाथुला – अरुणाचल प्रदेश (b) लिपुलेख – उत्तराखण्ड
(c) रोहतांग – हिमाचल प्रदेश (d) पालघाट – केरल

उत्तर–(a)

व्याख्या–लिपुलेख दर्रा उत्तराखण्ड में, रोहतांग दर्रा हिमाचल प्रदेश में तथा पालघाट केरल में है, जबकि नाथुला दर्रा अरुणाचल प्रदेश में स्थित न होकर सिक्किम में स्थित है। नाथुला दर्रा के द्वारा दार्जिलिंग तथा चुम्बी घाटी से होकर तिब्बत जाने का मार्ग बनता है। वर्तमान समय में भारत एवं चीन के बीच व्यापार इसी मार्ग से होता है।

23. कथन (A) : पश्चिमी घाट की नदियाँ डेल्टा का निर्माण नहीं करती हैं।
कारण (R) : वे छोटे मार्ग से तीव्र गति से कड़ी (कठोर) चट्टानों के ऊपर से प्रवाहित होती हैं।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R),(A) की सही व्याख्या है
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

उत्तर–(a)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या–प्रायद्वीपीय भारत की प्रमुख नदियों का उद्गम पश्चिमी घाट से ही होता है। पूर्व की ओर प्रवाहित होने वाली नदियाँ लम्बे मार्ग का अनुसरण करती हैं तथा डेल्टा का निर्माण करती हैं। जबकि पश्चिम की ओर प्रवाहित होने वाली नदियाँ कठोर चट्टानों से होकर प्रवाहित होती हैं तथा छोटे मार्ग का अनुसरण करती हैं। ये नदियाँ इस प्रकार डेल्टा का निर्माण नहीं कर पातीं।

24. निम्नलिखित में से कौन सबसे नवीन पर्वत श्रेणी है?

(a) विन्ध्य (b) अरावली
(c) शिवालिक (d) अन्नामलाई

उत्तर–(c)

व्याख्या–शिवालिक श्रेणी हिमालय की सबसे नवीन पर्वत श्रेणी है यह हिमालय की एक बाहरी पर्वतमाला है, जो भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी भाग में पश्चिम में सिन्धु नदी से लेकर पूर्व में ब्रह्मपुत्र नदी तक लगभग 2400 किमी. तक चलती है। यह लगभग 10-50 किमी. चौड़ी है तथा इसकी औसत ऊँचाई 1500 से 2000 मीटर तक है। इसकी उत्पत्ति प्लायोसीन अर्थात् सेनोजोइक युग में हुई। यह नवीन वलित पर्वतों में सबसे ऊँचा पर्वत है। शिवालिक पहाड़ियों को उपहिमालयी श्रेणी, शिवालिक पर्वत श्रेणी या बाह्य हिमालय भी कहा जाता है।

मानसून, वन, मिट्टी, सिंचाई परियोजनाएँ, कृषि

25. अधिपादप मुख्यतः पाए जाते हैं-

(a) कोणधारी वनों में (b) मानसूनी वनों में
(c) सवाना वनस्थली में (d) विषुवतीय वनों में

उत्तर–(d)

व्याख्या–अधिपादप (Epiphytes) वे पौधें हैं जो दूसरे जीवित पौधे पर उगे या लगे रहते हैं किन्तु परजीवी नहीं होतें। ये अपना भोजन स्वयं बनाते हैं क्योंकि इनमें पर्णहरित (Chlorophyll) पाया जाता है। ये सिर्फ पोषक पौधों पर यांत्रिक अवलंब के लिए निर्भर करते हैं। इन्हें वायवीया पादप (Aerial plants) भी कहा जाता है क्योंकि इनकी जड़ें मृदा से नहीं लगी रहती हैं। यह मुख्यतः विषुवतीय वनों में या नम उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं। इसके अंतर्गत आर्किड्स के पौधे आते हैं।

26. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची I	सूची II
A. जूट	1. असम
B. चाय	2. केरल
C. रबर	3. पश्चिम बंगाल
D. गन्ना	4. उत्तर प्रदेश

कूट :

	A	B	C	D
(a)	3	1	2	4
(b)	4	3	1	2
(c)	2	4	3	4
(d)	1	2	3	4

उत्तर–(a)

व्याख्या–सही सुमेल निम्नवत् है-

सूची-I	सूची-II
जूट	पश्चिम बंगाल
चाय	असम
रबर	केरल
गन्ना	उत्तर प्रदेश

27. 'एक फसली' कृषि विशेषता है-

(a) व्यापारिक अन्न कृषि की
(b) चलवासी कृषि की
(c) आत्मनिर्भरता-मूलक कृषि की
(d) जैविक-कृषि की

उत्तर–(a)

व्याख्या–एक फसली कृषि व्यापारिक अन्न कृषि की विशेषता होती है। इस कृषि में एक वर्ष में एक फसल का उत्पादन किया जाता है।

28. कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के संदर्भ में वनों का उच्चतम प्रतिशत मिलता है

(a) अरुणाचल प्रदेश में (b) नागालैण्ड में
(c) त्रिपुरा में (d) मिजोरम में

उत्तर–(d)

व्याख्या– वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार भौगोलिक क्षेत्र में वन क्षेत्र के प्रतिशत की दृष्टि से देश में पहला स्थान मिजोरम का है जहाँ कुल भू-क्षेत्र का 84.53% भाग वनाच्छादित है। द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ स्थान पर अरुणाचल प्रदेश (79.33%), मेघालय (76%), व मणिपुर (74.34%) राज्य है।

खनिज, शक्ति संसाधन एवं उद्योग व व्यापार

29. सूची I (प्रकृति में प्राप्त पदार्थों) को सूची II (तत्वों) से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची I	सूची II
A. हीरा	1. कैल्शियम
B. संगमरमर	2. सिलिकॉन
C. रेत	3. एल्युमिनियम
D. माणिक्य (रूबी)	4. कार्बन

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	2	3	4
(b)	4	1	2	3
(c)	3	1	2	4
(d)	4	2	1	3

उत्तर–(b)

व्याख्या–प्रकृति में कार्बन मुक्त तथा अनेक यौगिकों के रूप में पाया जाता है। कार्बन अपरूपता प्रदर्शित करता है। यह क्रिस्टलीय तथा अक्रिस्टलीय दो अपरुपों में पाया जाता है। हीरा, ग्रेफाइट एवं फुलरीन कार्बन के क्रिस्टलीय अपरूप हैं जबकि चारकोल, कोक इसके अक्रिस्टलीय अपररूप हैं। संगमरमर कैल्शियम ($CaCO_3$) का रूप है, सिलिकॉन के रूप में रेत पाया जाता है, जबकि माणिक्य एल्युमिनियम का खनिज है। एल्युमिनियम मुक्त अवस्था में नहीं पाया जाता है। संयुक्त अवस्था में यह धातु विभिन्न अयस्कों के रूप में पाई जाती है।

30. कथन (A) : कोयले का अन्तर्राज्यीय परिवहन, रेलवे द्वारा सम्पन्न किए जाने वाले परिवहन का एक प्रमुख घटक है।

कारण (R) : बंगाल-झारखण्ड कोयले की खदानें पश्चिमोत्तर राज्यों को कोयला आपूर्ति का प्रमुख स्रोत हैं।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) (A) तथा (R), दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

उत्तर–(b)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या–कोयले का अन्तर्राज्यीय परिवहन रेलवे द्वारा सम्पन्न किये जाने वाले परिवहन का 60 प्रतिशत है। देश की प्रमुख कोयले की खदानें पश्चिमोत्तर राज्यों को कोयला आपूर्ति का प्रमुख स्रोत हैं। भारत अपनी व्यावसायिक ऊर्जा का 50.7% हिस्सा कोयले से ही प्राप्त करता है। (A) और (B) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) का उपयुक्त कारण नहीं है।

31. भारत में शक्ति खण्ड में ऊर्जा स्रोतों के भाग का सही क्रम है-

(a) तापीय > जलीय > आणविक > वायु
(b) तापीय > आणविक > जलीय > वायु
(c) जलीय > आणविक > तापीय > वायु
(d) आणविक > जलीय > वायु > तापीय

उत्तर–(a)

व्याख्या– 12 जून, 2023 को विद्युत मंत्रालय (ओएम अनुभाग) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार में भारत की कुल संस्थापित ऊर्जा उत्पादन क्षमता 417.67 गीगावाट है जिसमें तापीय ऊर्जा 49.1%, पन बिजली 11.2%, अक्षय ऊर्जा 30.4% तथा परमाणु ऊर्जा 1.6% तथा पवन ऊर्जा 10.3% का योगदान है। प्रश्नकाल के दौरान विकल्प (a) सही था।
वर्तमान समय में सही क्रम है- तापीय >जलीय >वायु >आण्विक

32. भारत में दो अग्रगण्य कोयला उत्पादक राज्य हैं

(a) झारखंड तथा उड़ीसा
(b) झारखण्ड तथा छत्तीसगढ़
(c) छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश
(d) मध्य प्रदेश तथा आन्ध्र प्रदेश

उत्तर–(*)

व्याख्या– वर्तमान आँकड़ों के अनुसार (2021-22) भारत में अग्रगण्य कोयला उत्पादक राज्य क्रमशः ओडिशा (23.78%), छत्तीसगढ़ (19.80%), मध्य प्रदेश (17.73%) हैं, जबकि कोयले के संचित भण्डार की दृष्टि से प्रथम तीन राज्य हैं क्रमशः ओडिशा (24.37%), झारखण्ड (23.97%), छत्तीसगढ़ (20.52)।

33. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची I (कोयला-उत्पादक क्षेत्र)	**सूची II (कोयला खदान)**
A. दामोदर घाटी	1. तालचेर
B. सोन घाटी	2. बराकर
C. गोदावरी घाटी	3. उमरिया
D. महानदी घाटी	4. सिंगरेनी

कूट :

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	2	3	4	1	(b)	3	2	1	4
(c)	1	3	4	2	(d)	4	1	2	3

उत्तर–(a)

व्याख्या–सही सुमेल निम्नवत् है-

कोयला उत्पादक क्षेत्र	**कोयला खदान**
दामोदर घाटी	बराकर
सोन घाटी	उमरिया
गोदावरी घाटी	सिंगरेनी
महानदी घाटी	तालचेर

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

1. लौह अयस्क का सबसे सम्पन्न भण्डार कर्नाटक में पाया जाता है।
2. भारत विश्व में लौह अयस्क का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
3. भारत में ओडिशा लौह अयस्क का सबसे बड़ा उत्पादक है।

कूट :

(a) केवल 1 (b) 2 एवं 3 (c) 1 एवं 3 (d) सभी सही हैं

उत्तर–(c)

व्याख्या–लौह अयस्क का सबसे सम्पन्न भण्डार ओडिशा में पाया जाता है और ओडिशा भारत में लौह अयस्क का सबसे बड़ा उत्पादक है परन्तु भारत विश्व में लौह अयस्क का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक न होकर चौथा सबसे बड़ा उत्पादक है।
नोट-वर्तमान में केवल कथन तीन सत्य है। प्रश्न काल में विकल्प (c) सही उत्तर था।

परिवहन

35. भारत के किस राज्य में प्रदेश राजमार्ग की लम्बाई सर्वाधिक है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार (c) मध्य प्रदेश (d) महाराष्ट्र

उत्तर–(d)

व्याख्या– भारत में लगभग 63.32 लाख किमी. सड़क नेटवर्क है। भारत में प्रदेश राजमार्ग की सर्वाधिक लम्बाई वाले दो राज्य हैं क्रमशः महाराष्ट्र तथा कर्नाटक।

विश्व का भूगोल

स्थल मण्डल

36. विश्व के वन आवरण का सर्वोच्च प्रतिशत सम्बन्धित है

(a) शीतोष्ण कटिबंधीय शंकुधारी वन से
(b) शीतोष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन से
(c) उष्णकटिबंधीय मानसूनी वन से
(d) उष्णकटिबंधीय वर्षा वन से

उत्तर–(d)

व्याख्या–विश्व के वनावरण का सर्वोच्च प्रतिशत उष्णकटिबन्धीय वर्षा वन है। उष्ण कटिबंधीय वर्षा वनों को पृथ्वी पर सबसे जटिल बायोम (संरचना और प्रजातियों की विविधता) के रूप में माना जाता है। यह पृथ्वी पर सबसे पुराना जीवित पारिस्थितिकी तंत्र है।

वायु मण्डल

37. निम्नलिखित में से कौन-से देश 'अम्लीय वर्षा' से सर्वाधिक प्रभावित होते हैं? नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

1. कनाडा 2. नार्वे 3. स्वीडन 4. यूनाइटेड किंगडम

कूट :

(a) 1 तथा 2 (b) 1 तथा 3 (c) 1, 2 तथा 3 (d) 2, 3 तथा 4

उत्तर–(c)

व्याख्या–वह वर्षा जिसमें वायुमंडल में निहित रासायनिक तत्व अथवा प्रदूषक मिल गए हो तथा जो पृथ्वी पर एक हल्के अम्लीय सान्द्रण के रूप में गिरती है, अम्लीय वर्षा कहलाती है। विश्व में कनाडा, स्वीडन एवं नार्वे तीन देश ऐसे है जो अम्लीय वर्षा से सर्वाधिक प्रभावित होते है। इसके अलावा फिनलैंड, इंग्लैण्ड, नीदरलैण्ड, जर्मनी, इटली जैसे देश भी इस वर्षा से प्रभावित हैं।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

आर्थिक भूगोल

38. यूरोप के लौह-उत्पादक देशों में फ्रान्स का स्थान है

(a) प्रथम (b) द्वितीय (c) तृतीय (d) चतुर्थ

उत्तर–(*)

व्याख्या–World Steel Association 2023 के अनुसार वर्ष 2022 में यूरोप के लौह उत्पादक (क्रूड स्टील) देशों का क्रम है (मिलियन टन में) रूस (71.5), जर्मनी (36.8), तुर्की (35.1), इटली (21.6), फ्रांस (12.1), स्पेन (11.5)।

39. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची I (केन्द्र)	सूची II (उद्योग)
A. नगोया	1. लौह एवं इस्पात
B. सलेम	2. हवाई जहाज
C. लास एंजिल्स	3. सूती वस्त्र
D. अबादान	4. तेल शोधन

कूट :

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	2	3	4	1	(b)	4	2	3	1
(c)	1	4	2	3	(d)	3	1	2	4

उत्तर–(d)

व्याख्या–सही सुमेल निम्नवत् है-

केन्द्र	उद्योग
नगोया	सूती वस्त्र
सलेम	लौह एवं इस्पात
लॉस एंजिल्स	हवाई जहाज
अबादान	तेल शोधन

40. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची-I (फसलें)	सूची-II (क्षेत्र/देश)
A. रबर	1. मॉरीशस
B. कहवा	2. इटली
C. जैतून	3. कोलम्बिया
D. गन्ना	4. मलेशिया

कूट :

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	1	2	3	4	(b)	4	3	2	1
(c)	4	3	1	2	(d)	3	4	2	1

उत्तर–(b)

व्याख्या–सही सुमेल इस प्रकार है-

फसल		क्षेत्र/देश	फसल		क्षेत्र/देश
रबर	–	मलेशिया	कहवा	–	कोलम्बिया
जैतून	–	इटली	गन्ना	–	मॉरीशस

जनसंख्या एवं नगरीकरण

41. जनगणना 2001 के अनुसार उत्तर प्रदेश में महिला : पुरुष संख्या का अनुपात था

(a) 878 महिलाएँ प्रति हजार पुरुष
(b) 898 महिलाएँ प्रति हजार पुरुष
(c) 918 महिलाएँ प्रति हजार पुरुष
(d) 928 महिलाएँ प्रति हजार पुरुष

उत्तर–(b)

व्याख्या–जनगणना 2001 के अनुसार उत्तर प्रदेश का लिंगानुपात 898 था, परन्तु यह 2011 के जनगणना में 912 हो गया तथा शिशु लिंगानुपात 902 है।

42. जनगणना 2001 पर आधारित उत्तर प्रदेश के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में कौन सा एक सही नहीं है?

(a) ग्रामीण जनसंख्या राज्य की कुल जनसंख्या का 79.21 प्रतिशत है
(b) पुरुष साक्षरता दर 68.8 प्रतिशत है
(c) जन घनत्व के सम्बन्ध में भारत में इसका क्रम बारहवां (12वाँ) है
(d) न्यूनतम जनसंख्या वाला जिला महोबा है

उत्तर–(c)

व्याख्या–प्रश्न काल के दौरान विकल्प (c) सही उत्तर था। जनगणना 2001 के अनुसार प्रदेश की 20.78% जनसंख्या नगरों में तथा 79.2% जनसंख्या गाँवों में रहती है। प्रदेश में पुरुष साक्षरता दर 68.8% तथा महिला साक्षरता दर 42.2% है। जनघनत्व की दृष्टि से प्रदेश का स्थान 9वाँ है। प्रदेश में न्यूनतम जनसंख्या वाला जिला महोबा है। वर्तमान जनगणना 2011 के आँकड़ों के अनुसार प्रदेश की 77.70% जनसंख्या गाँवों में और 22.3% प्रतिशत जनसंख्या नगरों में रहती है। उत्तर प्रदेश की कुल साक्षरता 67.7%, प्रदेश की पुरुष साक्षरता दर 77.3% तथा महिला साक्षरता दर 57.2% है। प्रदेश का औसत जनघनत्व 829 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. (देश के राज्यों में चौथे स्थान पर) है। प्रदेश की न्यूनतम आबादी वाला जिला महोबा (8,75,958) है तथा सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला प्रयागराज (इलाहाबाद) (59,54,391) है।

43. भारत के प्रगतिशील जनसंख्या-संसाधन क्षेत्रों में सम्मिलित किए जाते हैं–

1. गंगा-यमुना दोआब 2. तटीय ओडिशा
3. राजस्थान 4. तमिलनाडु

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये :

कूट :

(a) 1 तथा 2 (b) 1 तथा 3 (c) 2 तथा 3 (d) 1 तथा 4

उत्तर–(d)

व्याख्या–भारत के प्रगतिशील जनसंख्या संसाधन क्षेत्रों में गंगा यमुना का दोआब क्षेत्र तथा तमिलनाडु का नीलगिरि क्षेत्र सम्मिलित किया जाता है।

44. कथन (A) : भारत के वृहत नगरों में जनसंख्या-वृद्धि में भिन्नता पाई जाती है।

कारण (R) : 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में चार वृहत् नगर हैं।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

उत्तर–(c)

व्याख्या–देश में वृहत नगरों की जनसंख्या वृद्धि में भिन्नता पायी जाती है। जनगणना 2001 के अनुसार वृहत नगरों की संख्या 7 थी। 2001 में मेगा सिटी की मानक जनसंख्या 40 लाख (4 मिलियन) थी जबकि 2011 के अनुसार मेगा सिटी की मानक जनसंख्या 1 करोड़ (10 मिलियन) के आधार पर भारत में तीन नगरीय संकुलन 'मेगा सिटी' के तहत आते हैं–

1. वृहत मुंबई (18.41 मिलियन) – 12.05 (वृद्धि दर)
2. दिल्ली (16.31 मिलियन) – 26.69 (वृद्धि दर)
3. कोलकाता (14.11 मिलियन) – 06.87 (वृद्धि दर)

इसके अनुसार तीनों में वृद्धि दर में भिन्नता पायी जाती है। इस प्रकार कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

45. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 के अन्तर्गत जो एक लक्ष्य था कि वर्ष 2045 तक 'जनसंख्या में स्थिरता' प्राप्त कर ली जाएगी, अब वह लक्षित वर्ष रखा गया है

(a) 2055 (b) 2060 (c) 2065 (d) 2070

उत्तर–(d)

व्याख्या–राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 की घोषणा अटल बिहारी बाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व काल में हुई थी। इस नीति का लक्ष्य था कि वर्ष 2045 तक जनसंख्या में स्थिरता प्राप्त करना है, जिसे 2010 में बढ़ा कर 2070 कर दिया गया। देश में पहली जनसंख्या नीति 1976 में घोषित की गयी थी।

46. जनगणना 2001 के अनुसार साक्षरता दर में उत्तर प्रदेश का क्रम राज्यों/केन्द्र-शासित प्रदेशों में क्या है?

(a) 29 (b) 30 (c) 31 (d) 32

उत्तर–(c)

व्याख्या–जनगणना 2001 के अनुसार साक्षरता दर में उत्तर प्रदेश का क्रम राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में 31वाँ था। वर्तमान जनगणना 2011 के आँकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल साक्षरता 67.7%, पुरुष साक्षरता 77.3% और स्त्री साक्षरता 57.2% रही है। प्रदेश की कुल साक्षरता दर राष्ट्रीय औसत से 5.3% कम है। 2001-2011 के दौरान प्रदेश की साक्षरता में (11.34%) की वृद्धि हुई। देश में साक्षरता की दृष्टि से (सभी राज्यों में) उत्तर प्रदेश 29वें स्थान पर है। सर्वाधिक साक्षरता वाला जिला गौतमबुद्ध नगर (80.12%) तथा न्यूनतम साक्षरता वाला जिला श्रावस्ती (46.74%) है।

47. दक्षिण एशिया में वृद्ध जनसंख्या का सर्वाधिक प्रतिशत वाला देश है

(a) भूटान (b) भारत (c) नेपाल (d) श्रीलंका

उत्तर–(d)

व्याख्या– दक्षिण एशिया में वृद्ध जनसंख्या का सर्वाधिक प्रतिशत जनसंख्या वाला देश श्रीलंका है। यहाँ की कुल जनसंख्या का 9.1% भाग 54-65 वर्ष आयु वर्ग तथा 8.1% भाग 65 वर्ष आयु वर्ग से अधिक के लोगों का है। भारत की लगभग 6 प्रतिशत जनसंख्या 65 वर्ष या उससे अधिक की है।

48. विश्व की लगभग अस्सी प्रतिशत जनसंख्या संरक्षित नहीं है-

(a) आर्थिक सुरक्षा द्वारा (b) खाद्य सुरक्षा द्वारा
(c) शिशु सुरक्षा द्वारा (d) सामाजिक सुरक्षा द्वारा

उत्तर–(d)

व्याख्या– विश्व की लगभग 80% जनसंख्या सामाजिक सुरक्षा द्वारा संरक्षित नहीं है।

49. दक्षिण एशिया के निम्नलिखित देशों के प्रतिशत नगरीकरण का निम्नलिखित में से कौन अवरोही क्रम है?
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. बांग्लादेश 2. भारत 3. पाकिस्तान 4. श्रीलंका

कूट :

(a) 2, 3, 1 एवं 4 (b) 3, 2, 1 एवं 4
(c) 2, 1, 4 एवं 3 (d) 4, 2, 3 एवं 1

उत्तर–(b)

व्याख्या– संयुक्त राष्ट्र की विश्व नगरीकरण संभावनायें रिपोर्ट 2018 के अनुसार पाकिस्तान की नगरीय जनसंख्या 36.67%, बांग्लादेश की नगरीय जनसंख्या 36.63%, भारत की नगरीय जनसंख्या 34.03% तथा श्रीलंका की नगरीय जनसंख्या 18.48% है। अतः नगरीय जनसंख्या की स्थिति के अनुसार उपर्युक्त देशों का अवरोही क्रम होगा–पाकिस्तान, बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका। प्रश्नकाल के दौरान विकल्प (b) सही है।

50. कथन (A) : भारत में नगरीकरण का स्तर चीन से काफी नीचा है।
कारण (R) : भारतीय नगर कम नियोजित हैं।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) (A) एवं (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) एवं (R), दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

उत्तर–(b)

व्याख्या – संयुक्त राष्ट्र की 'विश्व नगरीकरण संभावनायें रिपोर्ट' 2018 के आँकड़ों के अनुसार चीन में नगरीकरण 59.15% है जबकि भारत का नगरीकरण 34.03% है अतः भारत में नगरीकरण का प्रतिशत चीन से काफी कम है। भारतीय नगर कम नियोजित है। अतः कथन (A) और (R) दोनों सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

51. भारत में न्यूनतम यौन अनुपात जिस केन्द्र-शासित प्रदेश में पाया जाता है, वह है-

(a) चण्डीगढ़ (b) दादरा एवं नगर-हवेली
(c) दमन एवं दीव (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर–(c)

व्याख्या–

केंद्रशासित प्रदेश	लिंगानुपात (2011 के आँकड़ों के अनुसार)
चंडीगढ़	818
दादरा एवं नगर हवेली	774
दमन एवं दीव	618

52. निम्नलिखित कथनों में से कौन सही हैं?

1. तमिलनाडु ने 1961-2001 की अवधि में नगरीकरण अनुपात में सर्वाधिक वृद्धि अंकित किया।
2. भारत में एक नगरीय केन्द्र का औसत आकार लगभग पैंतालीस हजार (45,000) है।
3. नगरीय केन्द्रों की सबसे बड़ी संख्या चतुर्थ श्रेणी में आती है।
4. पाँचवीं तथा छठी श्रेणी के नगरों में देश की कुल नगरीय जनसंख्या का पाँच प्रतिशत (5%) से अधिक भाग रहता है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) 1 तथा 2 (b) 2, 3 तथा 4 (c) 1 तथा 3 (d) 1, 2 तथा 3

उत्तर–(c)

व्याख्या–भारत में नगरीय जनसंख्या के आंकड़ों के आधार पर तमिलनाडु ने 1961-2001 की अवधि में नगरीकरण अनुपात में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की। भारत में एक नगरीय केन्द्र का औसत आकार न्यूनतम जनसंख्या 5000 होता है।

नगरीय वर्ग	जनसंख्या आकार
I	1 लाख से अधिक
II	50,000 से 99,999
III	20,000 से 49,999
IV	10,000 से 19,999
V	5,000 से 9,999
VI	5,000 से कम

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

53. निम्नलिखित कथनों में से कौन सही हैं?

1. भारत के उत्तरी शहरों में सामान्यतः असंतुलित लिंगानुपात मिलता है।
2. पश्चिमी शहरों के केन्द्रीकरण के विपरीत पूर्वी शहर बिखरे हुए हैं।
3. दक्षिण में श्रमशक्ति में महिला ईसाइयों की लघुसंख्या तथा उच्च शिक्षादर के कारण वृहत्तर भागीदारी है।
4. पश्चिमी शहरों में ग्रामीण क्षेत्रों से लघुत्तर प्रव्रजन होता है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) 1, 2 एवं 3 (b) 2, 3 एवं 4
(c) 1, 2 एवं 4 (d) 1, 3 एवं 4

उत्तर–(c)

व्याख्या–भारत के उत्तरी राज्यों (हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश) के शहरों में सामान्यतः असंतुलित लिंगानुपात मिलता है, वहीं पश्चिमी शहरों (मुम्बई, अहमदाबाद, गाँधीनगर, पुणे) में केन्द्रीकरण है तो पूर्वी भारत के शहर बिखरे हुए हैं। भारत में पूर्वी शहरों की तुलना में पश्चिमी शहरों में ग्रामीण क्षेत्रों में कम प्रव्रजन होता है, जबकि कथन (3) सही नहीं है।

भारतीय संविधान एवं राजव्यवस्था

भारत का संवैधानिक विकास

54. निम्नलिखित में से किस एक ने भारत के लिए संविधान सभा के गठन का विचार दिया?

(a) साइमन कमीशन (b) राजाजी फॉर्मूला
(c) कैबिनेट मिशन योजना (d) बेवेल योजना

उत्तर–(c)

व्याख्या–जनवरी, 1946 में ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता एटली ने भारतीय नेताओं से अनौपचारिक स्तर पर बातचीत करने के लिए एक संसदीय दल (कैबिनेट मिशन) को भारत भेजने का निर्णय लिया। भारत में कैबिनेट मिशन की घोषणा करते हुए लॉर्ड पैथिक लारेंस ने कहा कि इसका उद्देश्य भारत के लिए संविधान तैयार करने हेतु शीघ्र ही एक कार्यप्रणाली तैयार करना तथा अंतरिम सरकार के लिए एक आवश्यक प्रबन्ध करना है। इस प्रकार कैबिनेट मिशन योजना के तहत नवंबर, 1946 में संविधान सभा का गठन किया गया। ध्यातव्य है कि भारत के लिए पहली बार संविधान सभा का विचार एम.एन. राय ने 1934 में प्रकट किया था।

55. निम्नलिखित में से किस एक अधिनियम ने भारत में संघीय-शासन की व्यवस्था दी थी?

(a) भारत सरकार अधिनियम 1909
(b) भारत सरकार अधिनियम 1919
(c) भारत सरकार अधिनियम 1935
(d) भारत स्वाधीनता अधिनियम 1947

उत्तर–(c)

व्याख्या–भारत सरकार अधिनियम 1935 द्वारा सर्वप्रथम भारत में संघात्मक सरकार की स्थापना की गयी। 1935 के अधिनियम द्वारा प्रान्तों में द्वैध शासन समाप्त करके केन्द्र में द्वैध शासन लागू किया गया। केन्द्र सरकार की कार्यकारिणी शक्ति गवर्नर जनरल में निहित थी। संघ में प्रशासन के विषय दो भागों में विभक्त थे–(1) हस्तान्तरित (2) आरक्षित। आरक्षित विषयों में प्रतिरक्षा, विदेशी मामले, धार्मिक विषय और जनजातीय क्षेत्र सम्मिलित थे। बाकी सारे विषय हस्तान्तरित ग्रुप में आते थे।

नागरिकता, मूल अधिकार, मूल कर्त्तव्य, राज्य के नीतिनिदेशक तत्व

56. भारतीय संविधान में मूल अधिकारों का विचार लिया गया है-

(a) ब्रिटेन के संविधान से (b) आयरलैण्ड के संविधान से
(c) कनाडा के संविधान से (d) अमेरिका के संविधान से

उत्तर–(d)

व्याख्या–अमेरिकी संविधान से भारतीय संविधान में मूल अधिकारों, सर्वोच्च न्यायालय की व्यवस्था, उपराष्ट्रपति का पद तथा उसे सौंपे गये कार्यों को शामिल किया गया है। न्यायपालिका की स्वतन्त्रता, न्यायिक पुनरावलोकन की शक्ति, न्यायाधीशों के पदच्युति आदि पर भी अमेरिकी संविधान का प्रभाव है।

57. मनरेगा कार्यक्रम निम्नलिखित में से भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद को लागू करने हेतु लाया गया है?

(a) अनुच्छेद 43 (b) अनुच्छेद 45
(c) अनुच्छेद 47 (d) अनुच्छेद 50

उत्तर–(a)

व्याख्या–मनरेगा कार्यक्रम अनुच्छेद 43 के अन्तर्गत लागू किया गया है। नीति निदेशक तत्व के अनुच्छेद 43 में यह व्यवस्था की गयी है कि कर्मकारों के लिए निर्वाह मजदूरी आदि राज्य, उपयुक्त विधान या किसी अन्य रीति से कृषि के, उद्योग के या अन्य प्रकार के सभी कर्मकारों को काम, निर्वाह मजदूरी, शिष्ट जीवनस्तर और अवकाश का संपूर्ण उपभोग सुनिश्चित करने वाली काम की दशाएँ तथा सामाजिक और सांस्कृतिक अवसर प्राप्त कराने का प्रयास करेगा और विशिष्टतया ग्रामों में कुटीर उद्योगों को वैयक्तिक या सहकारी आधार पर बढ़ाने का प्रयास करेगा।

58. निम्नलिखित में से कौन एक राज्य का नीति-निदेशक तत्व नहीं है?

(a) मद्यनिषेध
(b) गौ-संरक्षण
(c) पर्यावरण-संरक्षण
(d) चौदह (14) वर्ष की आयु तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा

उत्तर–(d)

व्याख्या–राज्य द्वारा 6 से 14 वर्ष की आयु तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने का अधिकार 86वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 द्वारा अनुच्छेद 21 (A) के तहत मूल अधिकार में प्रतिस्थापित किया गया है। जबकि मद्यनिषेध (अनुच्छेद-47), गौ-संरक्षण (अनु. 48) पर्यावरण संरक्षण (अनु. 48क) के तहत नीति निदेशक तत्वों में सम्मिलित है।

संघ एवं राज्य की कार्यपालिका, आपात उपबन्ध

59. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय धन विधेयक के उपबन्ध में सम्मिलित नहीं किया गया है?

(a) कर से सम्बन्धित उपबन्ध
(b) उधार (ऋण) लेने से सम्बंधित उपबंध
(c) संचित निधि तथा आकस्मिकता की अभिरक्षा से सम्बन्धित उपबन्ध
(d) जुर्माने या अर्थदण्ड से सम्बन्धित उपबंध

उत्तर–(d)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या–जुर्माने या अर्थदण्ड से संबंधित उपबंध धन विधेयक के उपबंध में सम्मिलित नहीं किया गया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 110 में धन विधेयक की परिभाषा दी गयी है। इस अनुच्छेद के अनुसार कोई विधेयक धन विधेयक तब समझा जाएगा जब उसमें निम्नलिखित या किन्हीं विषयों से संबंधित प्रावधान है–

1. कर लगाना, कम करना या बढ़ाना, उसको नियमित करना या उसमें कोई परिवर्तन करना।
2. भारत सरकार की ओर से ऋण लेना या किसी आर्थिक भार में कोई परिवर्तन करना हो,
3. भारत की संचित निधि या आकस्मिक निधि में कुछ धन डालना हो या निकालना हो।
4. भारत की संचित निधि में से किसी व्यय के संबंध में धन दिया जाना हो।
5. भारत की जमा-पूँजी में से किसी भी व्यय के संबंध में धन दिया जाना हो।
6. भारत की संचित निधि तथा सार्वजनिक लेखों में धन जमा करने या लेखों की जाँच पड़ताल करनी हो तथा उपरोक्त 1-6 में उल्लिखित विषयों से संबंधित विषय।

60. भारत का उपराष्ट्रपति :

1. भारत का द्वितीय उच्चतम प्रतिष्ठित पदधारी है।
2. के पास पद से सम्बद्ध कोई औपचारिक कार्य (दायित्व) नहीं है।
3. राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में उसके कार्यों का निर्वहन करता है।
4. राष्ट्रपति की पद-त्याग, अपदस्थीकरण अथवा मृत्यु के चलते राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) 1 तथा 2 (b) 1, 2 तथा 3
(c) 1, 3 तथा 4 (d) सभी चारों

उत्तर–(d)

व्याख्या–राष्ट्रपति के पश्चात् उपराष्ट्रपति सर्वोच्च पदधारी है। उपराष्ट्रपति का सामान्य कृत राज्य सभा का पदेन सभापति होना है। अनुच्छेद 64 के अनुसार उपराष्ट्रपति, राज्यसभा का पदेन सभापति होगा और अन्य कोई लाभ का पद धारण नहीं करेगा। परन्तु जिस किसी अवधि के दौरान उपराष्ट्रपति अनुच्छेद 65 के अधीन राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है या राष्ट्रपति के कृत्यों का निर्वहन करता है उस अवधि के दौरान वह राज्यसभा के सभापति के पद के कर्तव्यों का पालन नहीं करेगा।

विधान मण्डल : मंत्रिपरिषद

61. गणतंत्रीय अवधारणा से संबंधित निम्नांकित में से कौन एक सही नहीं है?

(a) एक राज्य जिसमें जनता सर्वोच्च हो
(b) सर्वोच्च शक्ति निर्वाचित प्रधान में निहित हो
(c) सर्वोच्च शक्ति एक राजा के समान (एक ही) व्यक्ति में निहित हो
(d) एक ऐसी सरकार जो जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों की हो

उत्तर–(c)

व्याख्या–भारत की गणतंत्रीय अवधारणा के अन्तर्गत राज्य की सर्वोच्च सत्ता जनता में निहित है तथा सर्वोच्च शक्ति निर्वाचित प्रधान को सौंपी गयी है इसलिए भारत की गणतन्त्रीय सरकार जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों के बहुमत से बनती है। अतः राज्य की सर्वोच्च शक्ति एक राजा के समान एक व्यक्ति में निहित नहीं होती अपितु शक्तियों के पृथक्करण की व्यवस्था की गयी है। जिसमें विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका आती है जो संविधान द्वारा निश्चित अपने क्षेत्र की शक्तियों का समुचित संचालन करती है।

संघ एवं राज्य संबंध, प्रशासन, जम्मू कश्मीर राज्य

62. संसद के अधिकारियों में सम्मिलित हैं

1. अध्यक्ष, लोकसभा
2. उपाध्यक्ष, लोकसभा
3. महासचिव, लोकसभा
4. अध्यक्ष, राज्यसभा

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) 1 एवं 2 (b) 1, 2 एवं 3
(c) 1, 3 एवं 4 (d) सभी चारों

उत्तर–(d)

व्याख्या–संसद के अधिकारियों में उपर्युक्त सभी अर्थात् लोकसभा अध्यक्ष, लोकसभा उपाध्यक्ष, लोकसभा महासचिव व राज्यसभा अध्यक्ष सम्मिलित हैं।

न्याय व्यवस्था (संघ एवं राज्य)

63. भारत में संसद द्वारा बंधुआ मजदूरी को प्रतिबंधित करने वाला अधिनियम पारित किया गया था, वर्ष

(a) 1974 में (b) 1976 में
(c) 1979 में (d) 1980 में

उत्तर–(b)

व्याख्या–बंधुआ मजदूरी का मुद्दा राष्ट्रीय राजनीति में उस समय प्रमुख रूप से सामने आया, जब 1975 ई. में इसे बीस सूत्री कार्यक्रम में शामिल कर लिया गया। बंधुआ मजदूरी को समाप्त करने के लिए बंधुआ मजदूरी प्रथा (उन्मूलन) अध्यादेश जारी किया गया। बाद में इसका स्थान लेने के लिए बंधुआ मजदूरी प्रथा (उन्मूलन) अधिनियम, 1976 लाया गया। इस अधिनियम ने बंधुआ मजदूरों के कर्ज खत्म करने के साथ ही उन्हें पूर्ण रूप से बंधुआ मजदूरी की बेड़ियों से मुक्त कर दिया।

पंचायती राजव्यवस्था व संविधान संशोधन अनुसूची

64. निम्नलिखित में से कौन भारतीय संविधान के 73वें (तिहत्तरवें) संशोधन में सम्मिलित हैं?

1. जिला पंचायत 2. क्षेत्र पंचायत
3. ग्राम पंचायत 4. नगर पंचायत

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) 1 एवं 2 (b) 1, 2 एवं 3
(c) 1, 3 एवं 4 (d) सभी चारों

उत्तर–(b)

व्याख्या–संविधान (73वां संशोधन) अधिनियम, 1993–संविधान के अनुच्छेद 40 में सुरक्षित किए गए राज्यों की नीति निदेशक सिद्धांतों में से एक में यह कहा गया है कि राज्यों को ग्राम पंचायतों का गठन करने और उन्हें वे सभी अधिकार प्रदान करने के लिए कदम उठाने चाहिए, जो उन्हें एक स्वायत्तशासी सरकार की इकाइयों के रूप में काम करने के लिए आवश्यक हैं।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

अर्थव्यवस्था

आर्थिक नियोजन एवं राष्ट्रीय आय/बजट

65. 'स्वाधार' योजना है-

(a) अद्वितीय पहचान हेतु
(b) पुरुषों हेतु स्वरोजगार
(c) कठिन परिस्थिति में महिलाओं के लिए
(d) वरिष्ठ नागरिकों हेतु साझा गृह की व्यवस्था

उत्तर–(c)

व्याख्या–भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2001-02 में 'स्वाधार' नामक एक योजना प्रारम्भ की गयी जिसका उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में रह रही महिलाओं की सहायता करना था। वर्ष 2016 में स्वाधार एवं अल्पवास गृह योजना का विलय कर स्वाधार गृह योजना की शुरूआत की गई।

कृषि, उद्योग एवं व्यापार

66. भारत में संकार्य (चालू) जोतों का सबसे बड़ा औसत आकार है–

(a) पंजाब में (b) गुजरात में
(c) मध्य प्रदेश में (d) राजस्थान में

उत्तर–(d)

व्याख्या–प्रश्न काल के दौरान सही उत्तर विकल्प (d) है। जबकि कृषि संगणना 2015-16 के अनुसार क्रियाशील जोतों (चालू जोतों) का सर्वाधिक औसत आकार नागालैण्ड में (4.87 हेक्टेयर) और न्यूनतम औसत आकार केरल में (0.18 हेक्टेयर) है। परिचालन क्षेत्र में सर्वाधिक हिस्सेदारी राजस्थान की (20.87 मिलियन हेक्टेयर) है।

मुद्रा/बैंकिंग एवं कर प्रणाली, केन्द्र-राज्य वित्तीय सम्बन्ध

67. कथन (A) : अक्टूबर 2009 से फरवरी 2010 तक भारत में मुद्रास्फीति दर ऋणात्मक हो गई थी।

कारण (R) : वैश्विक बाजार में पेट्रोल का मूल्य 140$ प्रति बैरल से घटकर 30$ प्रति बैरल रह गया था।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) (A) तथा (R), दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) (A) तथा (R), दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

उत्तर–(b)

व्याख्या– अक्टूबर, 2009 से फरवरी, 2010 के बीच भारत में मुद्रास्फीति ऋणात्मक हो गई थी। उस समय पेट्रोल का मूल्य 140 डॉलर प्रति बैरल से कम होकर 30 डॉलर प्रति बैरल तक पहुँच गई थी। परंतु केवल पेट्रोल का मूल्य मुद्रास्फीति को प्रभावित नहीं करता है। आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार अप्रैल-दिसम्बर, 2022 में CPI-मुद्रा स्फीति तथा WPI-मुद्रा स्फीति 11.5% रही है।

भारत का विदेश व्यापार एवं आर्थिक संगठन, शेयर बाजार

68. वर्ष 2007-08 में, निम्नलिखित देशों में से किस एक देश का भारतीय आयात में सर्वाधिक हिस्सा था?

(a) संयुक्त राज्य अमरीका (b) सऊदी अरब
(c) चीन (d) स्विट्ज़रलैण्ड

उत्तर–(c)

व्याख्या– प्रश्नकाल में भारत के आयात में सर्वाधिक हिस्सा चीन देश का था। आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार वर्ष 2022-23 (अप्रैल-नवंबर) में भारत के आयातों में कुल आयातित मूल्य के हिसाब से शीर्ष देश हैं क्रमशः चीन, संयुक्त अरब अमीरात एवं संयुक्त राज्य अमेरिका हैं। जबकि निर्यात में सर्वाधिक योगदान वाले देश हैं क्रमशः संयुक्त राज्य अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात एवं नीदरलैण्ड है।

69. निम्नलिखित में से कौन एक क्षेत्र 2009-10 में भारत के आयातों का सबसे बड़ा क्षेत्र था?

(a) एशिया तथा आसियान
(b) यूरोप
(c) उत्तरी अमरीका तथा कनाडा
(d) दक्षिण अमरीका तथा अफ्रीका

उत्तर–(a)

व्याख्या– आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार वर्ष 2022-23 (अप्रैल-नवम्बर) में भारत के आयातों का सबसे बड़ा क्षेत्र एशिया तथा यूरोप का है।

समग्र आयात में भागीदारी–

एशिया	63.2%
यूरोप	12.3%
अफ्रीका	7.0%
उत्तरी अमेरिका और लेटिन अमेरिका	11.4%

प्रश्न काल में विकल्प (a) सही उत्तर था।

विज्ञान

भौतिक विज्ञान

70. 'प्रकाश वर्ष' है

(a) वह वर्ष, जिसमें फरवरी 29 दिनों की होती है
(b) वह दूरी, जो प्रकाश एक वर्ष में तय करता है
(c) वह समय, जो सूर्य की किरणें पृथ्वी तक पहुँचने में लेती हैं
(d) वह समय जिसमें अंतरिक्षयान पृथ्वी से चन्द्रमा तक पहुँचने में लेता है

उत्तर–(b)

व्याख्या–'प्रकाश वर्ष' वह दूरी है जो प्रकाश एक वर्ष में तय करता है। बहुत लम्बी दूरियों को मापने के लिए प्रकाश-वर्ष का प्रयोग किया जाता है अर्थात् प्रकाश वर्ष दूरी का मात्रक है।
एक प्रकाश वर्ष $= 9.46 \times 10^{15}$ मी.

71. सूर्य के प्रकाश के अदृश्य अंश (भाग) से प्रकाश-संश्लेषण किया जाता है कुछ-

(a) वृक्षों द्वारा (b) कवक द्वारा
(c) फफूंद द्वारा (d) बैक्टीरिया द्वारा

उत्तर–(d)

व्याख्या–कुछ बैक्टीरिया जिन्हें सायनों बैक्टीरिया भी कहा जाता है सूर्य प्रकाश के अदृश्य अंश से प्रकाश-संश्लेषण की क्रिया करते हैं।

72. माप की कौन सी इकाई को 0.39 से गुणा करने पर 'इन्च' प्राप्त होता है?

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

(a) मिलीमीटर (b) सेन्टीमीटर
(c) मीटर (d) डेसीमीटर
उत्तर–(b)

व्याख्या–सेन्टीमीटर में 0.3937 का गुणा करने पर 'इन्च' प्राप्त होता है तथा एक मीटर = 39.37 इंच होता है।

73. प्रकाशिक तन्तु निम्न में से किस सिद्धान्त पर कार्य करता है?
(a) पूर्ण आन्तरिक परावर्तन पर
(b) अपवर्तन पर
(c) प्रकीर्णन पर
(d) व्यतिकरण पर
उत्तर–(a)

व्याख्या–प्रकाशिक तन्तु (Optical fibre) पूर्ण आन्तरिक परावर्तन के सिद्धान्त पर कार्य करता है। जब कभी प्रकाश को अधिक दूरी तक भेजना होता है तो आप्टिकल फाइबर का उपयोग किया जाता है क्योंकि इसमें प्रकाश का अवशोषण (absorption) बहुत कम होता है।

74. एक ट्रेन जैसे ही चलना आरम्भ करती है उसमें बैठे हुए यात्री का सिर पीछे की ओर झुक जाता है। इसका कारण है-
(a) स्थिरता का जड़त्व (b) गति का जड़त्व
(c) जड़त्व आघूर्ण (d) द्रव्यमान का संरक्षण
उत्तर–(a)

व्याख्या–स्थिरता के जड़त्व के नियम के अनुसार यदि कोई वस्तु विरामावस्था में है या एक सरल रेखा में समान वेग से गतिशील रहती है, तो उसकी विरामावस्था या समान गति की अवस्था में परिवर्तन तभी होता है, जब उस पर कोई बाह्य बल लगाया जाता है। कार या ट्रेन में असावधानी से बैठे यात्री कार या ट्रेन के एकाएक चल देने से पीछे की ओर गिर जाते हैं। इसका कारण है कि यात्री के शरीर का निचला हिस्सा जो गाड़ी के सम्पर्क में है, गाड़ी के साथ-साथ चलने लगता है, परन्तु ऊपरी हिस्सा जड़त्व के कारण विरामावस्था में ही बना रहता है, फलतः यात्री के शरीर का ऊपरी हिस्सा पीछे की ओर झुक जाता है।

75. टेलीविजन ग्राही के दूरस्थ नियंत्रण में किस प्रकार की वैद्युत चुम्बकीय विकिरण प्रयोग में लाई जाती है?
(a) दृश्य (b) पराबैंगनी
(c) अवरक्त (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर–(c)

व्याख्या–टेलीविजन ग्राही के दूरस्थ नियन्त्रण में अवरक्त विद्युत चुम्बकीय विकिरण प्रयोग में लाई जाती है। इन किरणों की खोज विलियम हर्शेल ने 1940 ई. में की थी। इनके तरंगदैर्ध्य का परिसर 7.8×10^{-7} मीटर से लेकर 10^{-3} मीटर तक होता है। ये तरंगे पदार्थों को उच्च ताप पर गर्म करने पर निकलती हैं। इन किरणों की वेधन शक्ति अधिक होने के कारण ये घने कोहरे व धुन्ध से पार निकल जाती हैं। युद्धकाल में इन किरणों का प्रयोग दूर-दूर तक सिग्नल भेजने में किया जाता है। इनका उपयोग अस्पतालों में रोगियों की सेकाई करने व कुहरे में फोटोग्राफी करने में भी होता है।

रसायन विज्ञान

76. निम्नलिखित रसायनों में किस का फल-पक्वन हेतु प्रयोग होता है?
(a) इथैफॉन (b) मिलेथियॉन
(c) आइसोप्रोटेन (d) एट्राजीन
उत्तर–(a)

व्याख्या–इथैफॉन व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला एक यौगिक है जो एथिलीन के स्रोत के रूप में जाना जाता है। यह 2-क्लोरोइथाइल फास्फोनिक एसिड है। इसका प्रयोग फलों को कृत्रिम रूप से पकाने में किया जाता है। एथिलीन, कोल व पेट्रोलियम गैसों के साथ पायी जाती है। इसके सूंघने पर व्यक्ति मूर्छित हो जाता है। यह ईथर, एल्कोहल आदि में विलेय है।

77. बायोगैस में मुख्यतः होती है
(a) कार्बन डाइऑक्साइड एवं हाइड्रोजन
(b) हाइड्रोजन एवं मीथेन
(c) कार्बन डाइऑक्साईड एवं मीथेन
(d) हाइड्रोजन एवं ऑक्सीजन
उत्तर–(c)

व्याख्या–बायोगैस एक प्रकार का जैव ईंधन है जो प्राकृतिक रूप से जैविक कचरे के अपघटन से उत्पन्न होता है। जब कार्बनिक पदार्थ, जैसे खाद्य स्क्रैप और पशु अपशिष्ट, अवायवीय वातावरण (ऑक्सीजन अनुपस्थित वातावरण) में टूट जाते हैं तो वे गैसों, मुख्य रूप से मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड के मिश्रण को छोड़ते हैं क्योंकि यह अपघटन अवायवीय वातावरण में होता है, बायोगैस के निर्माण की प्रक्रिया को अवायवीय पाचन के रूप में भी जाना जाता है।

78. 'अम्ल वर्षा' निम्न द्वारा वायु प्रदूषण के कारण होती है-
(a) कार्बन डाइऑक्साइड
(b) कार्बन मोनो-ऑक्साइड
(c) मीथेन
(d) नाइट्रस ऑक्साइड एवं सल्फर डाई ऑक्साइड
उत्तर–(d)

व्याख्या– अम्ल वर्षा सल्फर डाईऑक्साइड एवं नाइट्रोजन के आक्साइड के कारण होती है, किन्तु यह सल्फर डाईऑक्साइड एवं नाइट्रोजन के ऑक्साइड उगलने वाले औद्योगिक एवं परिवहन स्रोतों के क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं होती है वरन् वह स्रोत-क्षेत्रों से दूर अत्यधिक विस्तृत क्षेत्रों को भी प्रभावित करती है क्योंकि अम्ल वर्षा के उत्तरदायी प्रदूषक (यथा सल्फर डाइऑक्साइड) गैसीय रूप में होते हैं जिन्हें हवा तथा बादल दूर तक फैला देते हैं।

मानव चिकित्सा विज्ञान (जन्तु विज्ञान)

79. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची I (हार्मोन)	सूची II (स्रावण ग्रन्थि)
A. प्रोजेस्टेरोन	1. थायरॉयड
B. टेस्टोस्टेरोन	2. अग्न्याशय
C. थायरॉक्सीन	3. गर्भाशय (महिला)
D. इन्सुलिन	4. अण्डाशय (पुरुष)

कूट :

	A	B	C	D
(a)	3	4	1	2
(b)	4	3	1	2
(c)	3	4	2	1
(d)	1	2	3	4

उत्तर–(a)

व्याख्या–मादा अण्डाशय उदर गुहा में स्थित होता है। इसके द्वारा स्रावित हार्मोन एस्ट्रोजेन तथा प्रोजेस्ट्रॉन हैं। प्रोजेस्ट्रॉन का स्राव कार्पस ल्यूटियम द्वारा होता है। यह गर्भावस्था के दौरान गर्भाशय की सिकुड़न को कम करता है तथा स्तन के विकास एवं दुग्ध ग्रंथियों को सक्रिय करता है। टेस्टोस्टेरोन हार्मोन पुरुष अण्डाशय में पाया जाता है। थायरॉइड ग्रन्थि मनुष्य के गर्दन में श्वासनली के दोनों ओर तथा स्वरयन्त्र के जोड़ के आधार तल पर स्थित होती है। इससे स्रावित हार्मोन थाइरॉक्सिन या ट्राईआयोडोथायरोनिन है। थाइरॉक्सिन मुख्यतः

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

अमीनो अम्ल है जिसमें 65% आयोडीन होता है। इन्सुलिन अग्न्याशय के एक भाग 'लैंगरहैंस की द्वीपिका' के द्वारा स्रावित एक प्रकार का हार्मोन है जो रक्त में शर्करा की मात्रा को नियन्त्रित करता है। इसकी खोज बैटिंग एवं वेस्ट ने 1921 ई. में की थी।

80. निम्न कथनों पर विचार कीजिए :

कथन (A) : भारत में अमीर व गरीब दोनों ही कुपोषित हैं।

कारण (R) : अमीर गलत भोजन खाते हैं और गरीब रूखा-सूखा भोजन करते हैं।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) (A) तथा (R), दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है

(b) (A) तथा (R), दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है

(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है

(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है

उत्तर–(a)

व्याख्या– भारत में अमीर व गरीब दोनों कुपोषित हैं क्योंकि अमीर गलत भोजन अर्थात् फास्ट फूड, जंक फूड इत्यादि लेते हैं जिससे वे अनेक बीमारियों हाई ब्लड प्रेशर, मधुमेह इत्यादि रोगों से ग्रस्त होते हैं इसके विपरीत गरीब रूखा-सूखा भोजन करते हैं जिससे वे कुपोषित हैं क्योंकि उनको उचित विटामिन्स, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स वसा इत्यादि की उचित मात्रा नहीं मिल पाती है। अतः कथन (A) तथा (R), दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है

81. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची I (रोग)	**सूची II (कारण)**
A. रतौंधी	1. विटामिन डी (D)
B. रिकेट्स	2. विटामिन सी (C)
C. स्कर्वी	3. विटामिन बी (B)
D. बेरी-बेरी	4. विटामिन ए (A)

कूट :

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	1	2	3	4	(b)	3	4	1	2
(c)	4	1	2	3	(d)	2	3	4	1

उत्तर–(c)

व्याख्या–विटामिन A का रासायनिक नाम 'एक्सेरोफाइटॉल' या रेटिनॉल है। वसा में विलेय यह विटामिन शरीर की वृद्धि में सहायता करता है तथा शरीर के उपकला ऊतकों को स्वस्थ बनाये रखता है। इसकी कमी से श्वासनली तथा पाचन-नाल की उपकलायें रुग्ण हो जाती हैं। इसके अतिरिक्त रतौंधी, आँखों का शुष्क होना, कार्निया में श्वेत फुल्ली पड़ना तथा दृष्टि का समाप्त हो जाना इत्यादि रोग भी होता है। विटामिन B जल में घुलनशील कई अलग-अलग प्रकार के विटामिनों का समूह है विटामिन B_1 का रासायनिक नाम थायमिन है। इसकी कमी से बेरी-बेरी नामक रोग होता है। विटामिन C जल में विलेय विटामिन है। इसका रासायनिक नाम 'एस्कार्बिक एसिड' है। इसकी कमी से स्कर्वी रोग हो जाता है। विटामिन D का रासायनिक नाम कैल्सिफेरॉल है। यह वसा में विलेय है तथा हड्डियों को मजबूत करने में सहायक है। इसकी कमी से सूखा रोग (रिकेट्स) हो जाता है।

कृषि, पशुपालन एवं डेयरी

82. बीज-परीक्षण मूलतः किया जाता है

(a) शुद्धता हेतु (b) जमाव हेतु

(c) नमी की मात्रा हेतु (d) उपरोक्त सभी हेतु

उत्तर–(d)

व्याख्या–बीज परीक्षण मूलतः शुद्धता हेतु, जमाव हेतु, नमी की मात्रा इत्यादि के लिए किया जाता है। प्रत्येक वर्ग के पौधों में बीज परीक्षण करके उनके शुद्धता स्तर का पता किया जाता है, इसके अतिरिक्त जमाव एवं नमी की मात्रा का भी अनुमान लगाया जाता है।

विज्ञान प्रौद्योगिकी

83. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची-I (संस्थाएँ)	**सूची-II (स्थान)**
A. इसरो (ISRO)	1. तिरुवन्तपुरम
B. आईयूसीएए (IUCAA)	2. पुणे
C. आईयूएसी (IUAC)	3. बेंगलुरू
D. VSSC	4. नई दिल्ली

कूट :

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	3	2	4	1	(b)	1	2	3	4
(c)	2	4	1	3	(d)	3	1	2	4

उत्तर–(a)

व्याख्या– सही सुमेल निम्नवत् है–

सूची I (संस्थाएँ)	**सूची II (स्थान)**
A. इसरो (ISRO)	1. बेंगलुरू
B. आईयूसीएए (IUCAA)	2. पुणे
C. आईयूएसी (IUAC)	3. नई दिल्ली
D. VSSC	4. तिरुवन्तपुरम

पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

84. सर्वाधिक स्थायी पारिस्थितिक तंत्र (इको-सिस्टम) निम्न में से कौन है?

(a) मरुस्थल (b) पर्वत

(c) महासागर (d) वन

उत्तर–(c)

व्याख्या–पारिस्थितिक तंत्र की ऊर्जा का सर्वप्रमुख स्रोत सूर्य तथा इससे मिलने वाला सौर विकिरण है। सौर ऊर्जा प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से जैवमण्डलीय पारिस्थितिक तंत्र में पदार्थों के संचरण, चक्रण तथा पुनर्चक्रण में भी सहायक है। सर्वाधिक स्थायी पारिस्थितिक तंत्र महासागर क्षेत्र या सामुद्रिक क्षेत्र होता है।

85. भारत का एण्टार्कटिक और समुद्री अध्ययन-केन्द्र अवस्थित है-

(a) दक्षिण गंगोत्री में (b) गंगोत्री में

(c) गोवा में (d) मैत्री में

उत्तर–(c)

व्याख्या–भारत का राष्ट्रीय अण्टार्कटिक और समुद्री अध्ययन केन्द्र गोवा के वास्को-डी-गामा में स्थित है। इस केन्द्र की स्थापना 25 मई, 1998 को डॉ. प्रेम चन्द पाण्डे के निदेशक पद पर बने रहते हुए हई थी, जबकि पूर्व में इसे अण्टार्कटिक अध्ययन केन्द्र के नाम से जाना जाता था। यह भारत सरकार के भूगर्भ विज्ञान मंत्रालय के अन्तर्गत कार्य करता है। जो भारतीय अण्टार्कटिक प्रोग्राम सम्बन्धी कार्यक्रमों को निर्देशित करता है। यहाँ वर्तमान में भारत का अण्टार्कटिक शोध संस्थान 'मैत्री' एवं 'भारती' है। इसके अलावा भारत के पास आर्कटिक में 'हिमाद्री' अनुसंधान बेस भी है।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

86. 'हरित गृह' प्रभाव मुख्यतया घटित होता है-

(a) वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड के कारण
(b) इन्फ्रारेड (अवरक्त) विकिरण से
(c) वायुमंडल में नमी के कारण
(d) ओजोन पर्त के कारण

उत्तर–(a)

व्याख्या–हरित गृह प्रभाव (ग्रीन हाउस) एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा किसी ग्रह या उपग्रह के वातावरण में मौजूद कुछ गैसें उस ग्रह/उपग्रह के वातावरण के ताप को अपेक्षाकृत अधिक बनाने में मदद करती है। हरित गृह प्रभाव व ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारण कार्बन डाइऑक्साइड गैस है। मेथेन और नाइट्रस ऑक्साइड भी इसी प्रकार की गैसें हैं।

87. एक क्षेत्र के प्रारोहण में समयान्तर क्रमबद्ध परिवर्तन को कहा जाता है-

(a) जीवोम (b) अनुक्रमण
(c) पोषण स्तर (d) चरम अवस्था

उत्तर–(b)

व्याख्या– वातावरण में परिवर्तन के कारण पहले के जीवों के स्थान पर नए जीव आ जाते हैं व नया समुदाय स्थापित हो जाता है इसे पारिस्थितिक अनुक्रमण कहते हैं। जो एक क्षेत्र के प्रारोहण में समयान्तर क्रमबद्ध परिवर्तन को दर्शाता है। अनुक्रमण एक दीर्घकालीन क्रिया है जिसके अंतिम चरण में एक स्थाई या चरम समुदाय स्थापित होता है।

उत्तर प्रदेश : सामान्य-ज्ञान

88. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित जिलों में से किसका क्षेत्रफल सर्वाधिक है?

(a) लखीमपुर खीरी (b) सोनभद्र
(c) सीतापुर (d) हरदोई

उत्तर–(a)

व्याख्या–उत्तर प्रदेश का सबसे अधिक क्षेत्रफल वाला जिला लखीमपुर खीरी है। लखीमपुर खीरी का क्षेत्रफल 7680 वर्ग किमी. है। जबकि सोनभद्र का 6905 वर्ग किमी. है जिसका स्थान दूसरा है। तीसरे एवं चौथे स्थान पर क्रमशः हरदोई का क्षेत्रफल 5986 वर्ग किमी. तथा सीतापुर का क्षेत्रफल 5743 वर्ग किमी. है।

89. भारत के राज्यों में उत्तर प्रदेश किस उत्पाद का सबसे बड़ा उत्पादक नहीं है?

(a) फूलों का (b) गेहूँ का
(c) आलू का (d) गन्ने का

उत्तर–(a)

व्याख्या–उत्तर प्रदेश अनुकूल भौगोलिक संरचनाओं के कारण कृषि एवं पशुपालन की दृष्टि से एक सम्पन्न राज्य है। आर्थिक समीक्षा-2022-23 के अनुसार वर्ष 2021-22 (चतुर्थ अग्रिम अनुमान) में उत्तर प्रदेश गेहूँ, गन्ना एवं आलू के उत्पादन में प्रथम स्थान रखता है। फूल उत्पादन (लूज + कट) में भारत में प्रथम स्थान तमिलनाडु (तृतीय अग्रिम अनुमान-2021-22) का है।

90. उत्तर प्रदेश में, निम्नलिखित में से किस स्थान पर एक नाभिकीय ऊर्जा परियोजना स्थित है?

(a) ओबरा (b) पनकी
(c) नरौरा (d) हरदुआगंज

उत्तर–(c)

व्याख्या–उत्तर प्रदेश में नरौरा (बुलन्दशहर) में नाभिकीय ऊर्जा परियोजना स्थित है। 220 मेगावाट के पी.एच. डब्ल्यू. रिएक्टरों के डिजाइन का मानकीकरण किये जाने के बाद इस आधार पर नरौरा (उत्तर प्रदेश) में दो रिएक्टरों ने 1991 और 1992 में काम करना शुरू किया।

91. निम्नलिखित में से कौन एक सुमेलित नहीं है?

(a) देवा – बाराबंकी (b) आल्हा – महोबा
(c) कर्मा – मथुरा (d) कज़री – मिर्ज़ापुर

उत्तर–(c)

व्याख्या– सही सुमेल निम्नवत् है–

कर्मा व शीला नृत्य	सोनभद्र व मिर्जापुर
कजरी लोकगीत	मिर्जापुर
आल्हा लोकगीत	बुन्देलखण्ड (महोबा शामिल)
देवा शरीफ धार्मिक स्थल	बाराबंकी

92. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची I (उद्योग)	सूची II (केन्द्र)
A. लकड़ी (काष्ठ) के खिलौने	1. मेरठ
B. खेल का सामान	2. बरेली
C. पीतल की मूर्तियाँ	3. वाराणसी
D. दियासलाई उद्योग	4. मथुरा

कूट :

	A	B	C	D
(a)	1	4	3	2
(b)	3	2	1	4
(c)	2	1	4	3
(d)	3	1	4	2

उत्तर–(d)

व्याख्या–सही सुमेल निम्नवत् हैं-

उद्योग	केन्द्र
लकड़ी के खिलौने	वाराणसी, लखनऊ
खेल का सामान	मेरठ
पीतल की मूर्तियाँ	मथुरा
दियासलाई उद्योग	बरेली, सहारनपुर, प्रयागराज, रामपुर

93. डॉ. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर हैण्डीकैप्ट अवस्थित है

(a) आगरा में (b) इलाहाबाद में
(c) कानपुर में (d) लखनऊ में

उत्तर–(c)

व्याख्या–डॉ. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर हैण्डीकैप्ट कानपुर में अवस्थित है जिसकी स्थापना उत्तर प्रदेश सरकार ने विश्व बैंक की तकनीकी शिक्षा योजना के अन्तर्गत 1997 ई. में की थी जो ऑल इण्डिया काउन्सिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन (A.I.C.T.E.) से प्रमाणित है।

94. उत्तर प्रदेश में सबसे पुराना विश्वविद्यालय है

(a) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
(b) इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद
(c) चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
(d) लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

उत्तर–(b)

व्याख्या–उत्तर प्रदेश का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय इलाहाबाद विश्वविद्यालय है जिसकी स्थापना सन् 1887 ई. में हुई थी। 2005 में यह केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त कर चुका है। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना पं. मदनमोहन मालवीय द्वारा 1916 ई. में 1915 ई. के विश्वविद्यालय एक्ट के तहत हुई। लखनऊ विश्वविद्यालय 1921 ई. में स्थापित किया गया था जबकि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय जो पहले मेरठ विश्वविद्यालय था की स्थापना सन् 1965 में की गयी थी।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

95. भारत के किस राज्य में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या सर्वाधिक है?

(a) बिहार (b) तमिलनाडु
(c) उत्तर प्रदेश (d) पश्चिम बंगाल

उत्तर–(c)

व्याख्या– 2011 की अंतिम जनगणना रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 4,13,57,608 है, जो प्रदेश के कुल जनसंख्या का 20.7% है जबकि सम्पूर्ण देश में कुल जनसंख्या में अनुसूचित जातियों के जनसंख्या का प्रतिशत 16.6% है। देश में जनसंख्या की दृष्टि से सर्वाधिक अनुसूचित जाति वाला राज्य उत्तर प्रदेश है। जबकि अन्य राज्यों में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या निम्न प्रकार है -

बिहार	–	1,65,67,325
तमिलनाडु	–	1,44,38,445
पश्चिम बंगाल	–	2,14,63,270

96. रामपुरा, जो भारत में प्रथम गाँव अपना सौर ऊर्जा प्लांट लगाने वाला बना, वह कहाँ स्थित है?

(a) मध्य प्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश
(c) आंध्र प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर–(d)

व्याख्या–रामपुरा जो भारत में प्रथम गाँव है जिसका अपना सौर ऊर्जा प्लान्ट है वह उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में स्थित है। इसकी ऐसी भौगोलिक स्थिति है कि यहां सूर्य की किरणें वर्ष भर लम्बवत् पड़ती हैं। यहाँ पर नार्वे की सहायता से 31.5 लाख रुपये से 8.7 किलोवॉट का पावर प्लान्ट लगाया गया है जिसे 69 ग्रामीण क्षेत्र के घरों को बिजली सप्लाई की जाती है। रामपुरा झाँसी से लगभग 17 किलोमीटर दूर एक पिछड़ा हुआ गाँव था जहां आजादी के 63 वर्ष बीत जाने के बाद भी बिजली नहीं पहुँची थी लेकिन आज वह सौर ऊर्जा से बिजली पाने वाला भारत वर्ष का पहला गाँव हो गया है।

तर्कशक्ति परीक्षण

97. इन संख्याओं की श्रृंखला के अन्त में कौन सी संख्या आएगी?
85, 77, 70, 64, 59, 55,......?

(a) 53 (b) 51
(c) 50 (d) 52

उत्तर–(d)

व्याख्या–

85 77 70 64 59 55 52

– 8 – 7 – 6 – 5 – 4 – 3

दी गई श्रृंखला में क्रम है–
– 8 – 7 – 6 – 5 – 4 ....
इस प्रकार
85 – 8 = 77
77 – 7 = 70
70 – 6 = 64
64 – 5 = 59
59 – 4 = 55
अभीष्ट संख्या 55 – 3 = 52
अतः उत्तर है (d) 52

98. यदि KAMAL के स्थान पर कूट भाषा में 21413 लिखा जाए तो MAHAL को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(a) 48113 (b) 43811
(c) 41813 (d) 38141

उत्तर–(c)

व्याख्या–KAMAL के स्थान पर कूट भाषा में लिखा गया है 21413 इसमें
K अंग्रेजी वर्णमाला का 11वाँ अक्षर है अतः दोनों अंकों को जोड़कर (1 + 1) उसके स्थान पर 2 लिखा गया है।
A अंग्रेजी वर्णमाला का पहला अक्षर है अतः उसके स्थान पर एक लिखा है अन्य अंक इस प्रकार हैं–
K = 11वाँ अक्षर 1 + 1 = 2
A = पहला अक्षर = 1
M = 13वाँ अक्षर = 4
A = पहला अक्षर = 1
L = बारहवाँ अक्षर (1 + 2) = 3
इसी प्रकार,
M = 13वाँ अक्षर (1 + 3) = 4
A पहला अक्षर = 1
H आठवाँ अक्षर = 8
A पहला अक्षर = 1
L बारहवाँ अक्षर (1 + 2) = 3
अतः उत्तर है (c) 41813

99.

BL	DG	EI	MO	QS
12	9	12	26	X

में X का मान है

(a) 32 (b) 34 (c) 36 (d) 38

उत्तर–(b)

व्याख्या–

BL	DG	EI	MO	QS
12	9	12	26	**34**

दिए गए श्रृंखला में अक्षरों के अंकों को आपस में जोड़कर दो घटा दिया गया है, इस प्रकार
BL = 2 + 12 = 14 – 2 = 12
DG = 4 + 7 = 11 – 2 = 9
EI = 5 + 9 = 14 – 2 = 12
MO = 13 + 15 = 28 – 2 = 26
QS = 17 + 19 = 36 – 2 = 34

100.

82	**94**	**44**
16	**36**	**16**
4	**6**	**4**
10	**X**	**8**

ऊपर दी गई आकृति में X का मान है

(a) 19 (b) 18
(c) 15 (d) 13

उत्तर–(d)

व्याख्या–

82	94	44
16	36	16
4	6	4
10	**13**	8

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

ऊपर दी गई आकृति में x के स्थान पर 13 आयेगा क्योंकि इसका क्रम इस प्रकार होगा–
(82) = 8 + 2 = 10
(94) = 9 + 4 = 13
(44) = 4 + 4 = 8
अन्तिम पंक्ति में पहले पंक्ति के अंकों का योग लिख दिया गया है।

101. जिस तरह आकृति  **सम्बद्ध है आकृति**  **से, उसी तरह आकृति**  **सम्बद्ध होगी निम्न में से किससे?**

(a)  (b) 

(c)  (d) 

उत्तर–(d)

व्याख्या–जिस तरह आकृति  सम्बद्ध है आकृति  से उसी तरह आकृति  सम्बद्ध होगी आकृति  से।

102. श्रेणी IKJ, NPO, SUT,...... में रिक्त स्थान निर्दिष्ट करता है

(a) WXY (b) VXW
(c) XYZ (d) XZY

उत्तर–(d)

व्याख्या–श्रृंखला का उपयुक्त क्रम इस प्रकार है-



उपर्युक्त श्रृंखला में क्षैतिज श्रृंखला को प्राप्त करने के लिए पहले अक्षर में +2 जोड़ा गया है तथा इसके पश्चात् –1 घटा दिया गया है जैसे–

I —+2→ K —–1→ J

उर्ध्वाधर श्रृंखला प्राप्त करने के लिए प्रत्येक अक्षर में पाँच जोड़ दिया गया है जैसे–

1 + 5 = N N + 5 = S S + 5 = x

103. निम्नलिखित गुणों में से कौन शेष से असंगत है?

(a) वीरता (b) निष्ठा (स्वामिभक्ति)
(c) ईमानदारी (d) चतुराई (चालाकी)

उत्तर–(d)

व्याख्या– दिए गए विकल्पों में वीरता, निष्ठा तथा ईमानदारी सकारात्मक भाव प्रकट कर रहे हैं, जबकि चतुराई (चालाकी) नकारात्मक भाव प्रकट कर रहा है, अतः विकल्प (d) असंगत है।

104. एक विद्यार्थी अपने विद्यालय के द्वार से सीधे पूर्व दिशा में 1 किलोमीटर चलता है फिर वहीं से 90° कोण बनाकर बाईं ओर मुड़कर 1 किलोमीटर फिर चलता है और उसी तरह फिर बाईं ओर मुड़ कर एक किलोमीटर जाकर रुककर, खड़ा हो जाता है। अब वह अपने प्रस्थान-बिन्दु से किस निश्चित दिशा में खड़ा है?

(a) पश्चिम-दक्षिण (b) उत्तर
(c) पूर्व-उत्तर (d) दक्षिण-उत्तर

उत्तर–(b)

व्याख्या–



विद्यार्थी अपने विद्यालय के द्वार से सीधे पूर्व दिशा में चलता है = एक किमी
एक किमी चलने के पश्चात् 90° कोण बनाकर विद्यार्थी बाएँ चलता है = एक किमी
नये स्थान से बाएं मुड़कर विद्यार्थी चलता है = एक किमी
अब विद्यार्थी अपने प्रारम्भिक बिन्दु से उत्तर दिशा में है जिसे चित्र से स्पष्ट किया गया है।

105. निम्नलिखित अंकों की श्रृंखला में अन्त में कौन सी संख्या आएगी?

13, 23, 34, 46, 59, 73,.....?

(a) 79 (b) 92 (c) 98 (d) 88

उत्तर–(d)

व्याख्या–



दी गई श्रृंखला में क्रम है–
+ 10 + 11 + 12 + 13 + 14........
इस प्रकार–
13 + 10 = 23
23 + 11 = 34
34 + 12 = 46
46 + 13 = 59
59 + 14 = 73
अभीष्ट संख्या 73 + 15 = 88
अतः उत्तर है (d) 88

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

गणित

106. A, B से 5 वर्ष छोटा है। B, C से 3 गुना बड़ा है। यदि C चार वर्ष पूर्व 10 वर्ष का था तो A की आयु 6 वर्ष बाद होगी

(a) 35 (b) 38
(c) 43 (d) 45

उत्तर–(c)

व्याख्या–C की 4 वर्ष पूर्व आयु = 10 वर्ष
अतः C की वर्तमान आयु = 10 + 4 = 14 वर्ष
B, C से तीन गुना बड़ा है।
अतः B की वर्तमान आयु = 14 × 3 = 42 वर्ष
A, B से पाँच वर्ष छोटा है।
अतः A की वर्तमान आयु = 42 – 5 = 37 वर्ष
छः वर्ष बाद A की आयु = 37 + 6 = 43 वर्ष
अतः उत्तर है (c) 43

107. किसी घन के पृष्ठ का क्षेत्रफल 216 वर्ग मीटर है, तो उसका आयतन क्या है?

(a) 512 घन मीटर (b) 480 घन मीटर
(c) 216 घन मीटर (d) 100 घन मीटर

उत्तर–(c)

व्याख्या–घन के पृष्ठ का क्षेत्रफल = 216 वर्ग मी.
माना घन की एक भुजा = x मी.
घन के पृष्ठ का क्षेत्रफल = 6 × (भुजा)^2
6 × (भुजा)^2 = 216 वर्ग मी.
$6 \times (x)^2 = 216$
$x^2 = \frac{216}{6}$
$x^2 = 36$
$x = \sqrt{36}$
$x = 6$ मी.
घन का आयतन = (भुजा)^3
= 6 × 6 × 6
= 216 घन मीटर **उत्तर**

108. 10% ब्याज पर रु. 2000 निवेशित किए गए। चक्रवृद्धि ब्याज की गणना प्रति छह माह पर की गई। एक वर्ष के अन्त में कुल धन कितना होगा?

(a) रु. 2200 (b) रु. 2220
(c) रु. 2210 (d) रु. 2205

उत्तर–(d)

व्याख्या–ब्याज = 10% वार्षिक
छमाही ब्याज = 5% होगा
निवेशित धन = 2000 रु.
समय = एक वर्ष या दो छमाही

चक्रवृद्धि ब्याज = मूलधन $\left(1+\frac{r}{100}\right)^t$

$= 2000\left(1+\frac{5}{100}\right)^2$

$= 2000\left(\frac{105}{100}\right)^2$

$= 2000 \times \frac{105}{100} \times \frac{105}{100}$

= 2 × 10.5 × 105 = 21 × 105 = 2205 रु.
अतः एक वर्ष के अन्त में कुल धन = 2205 रु.

109. यदि किसी संख्या का 3/8 तथा 2/7 का योग 370 हो तो यह संख्या होगी-

(a) 520 (b) 540
(c) 500 (d) 560

उत्तर–(d)

माना वह संख्या x है

$\therefore \frac{3x}{8} + \frac{2x}{7} = 370$

$\frac{21x+16x}{56} = 370$

$\frac{37x}{56} = 370$

$x = \frac{370 \times 56}{37}$

x = 560
∴ सही विकल्प 560 है।

110. अपरिमेय संख्या है

(a) 9 (b) $\frac{1}{9}$ (c) $\sqrt{0.9}$ (d) $\sqrt{.09}$

उत्तर–(c)

व्याख्या– $\sqrt{0.9}$ को $\frac{a}{b}$ के रूप में नहीं लिखा जा सकता। ऐसी संख्या को अपरिमेय संख्या कहते हैं। इसके अतिरिक्त अन्य संख्याओं $\left(9, \frac{1}{9}, \sqrt{0.09}\right)$ को $\frac{a}{b}$ के रूप में लिखा जा सकता है अतः वे सभी परिमेय संख्याएँ हैं।

111. $\left(\frac{1}{6}\right)^{12} \times 8^{25} \times \left(\frac{3}{4}\right)^{15}$ के अभाज्य गुणनखंडों की संख्या है

(a) 33 (b) 37 (c) 52 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर–(d)

व्याख्या–$\left(\frac{1}{6}\right)^{12} \times 8^{25} \times \left(\frac{3}{4}\right)^{15}$

$= \frac{1}{(3\times 2)^{12}} \times (2^3)^{25} \times \frac{(3)^{15}}{(2^2)^{15}}$

$= \frac{1}{(3)^{12} \times (2)^{12}} \times (2)^{75} \times \frac{(3)^{15}}{(2)^{30}}$

$= (2)^{75-30-12} \times (3)^{15-12}$

$= (2)^{33} \times (3)^3$

अतः अभाज्य गुणनखण्डों की संख्या = 33 + 3 = 36
अतः उत्तर (d) होगा।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

112. दो संख्याएँ 5 : 6 के अनुपात में हैं तथा उनका ल.स. 660 है। छोटी संख्या है

(a) 22 (b) 165 (c) 132 (d) 110

उत्तर–(d)

व्याख्या–दोनों संख्याओं का अनुपात = 5 : 6
माना छोटी संख्या = 5x
बड़ी संख्या = 6x
दोनों संख्याओं का ल.स. = 30x
30 x = 660 (दिया है)

$$x = \frac{660}{30} = 22$$

छोटी संख्या = 5 × 22 = 110

113. चार संख्याओं के एक समुच्चय पर निम्न में से कौन सी अभिक्रिया द्वारा संख्यायें 6, 14, 54, 149 प्राप्त होंगी?

(a) इसके वर्ग में 1 जोड़कर
(b) इसके घन से 1 घटाकर
(c) 2 जोड़ने के बाद 2 से गुणा कर
(d) इसके वर्ग में 5 जोड़कर

उत्तर–(d)

व्याख्या–दी गई चार संख्याओं का समुच्चय = 6, 14, 54, 149
प्रत्येक दी गई संख्या किसी संख्या के वर्ग में 5 जोड़कर प्राप्त हुई हैं।
$6 = 1^2 + 5$
$14 = 3^2 + 5$
$54 = 7^2 + 5$
$149 = 12^2 + 5$
अतः विकल्प (d) प्रश्न का सही उत्तर है।

समसामयिकी

114. भारतीय पर्यटन मंत्रालय ने भारत में पर्यटन को प्रोत्साहित करने हेतु जिस अवधारणा को लोकप्रिय करने का उपयोग किया है, वह है

(a) ईश्वर का देश (b) पूर्व का मोती
(c) सुन्दर भारत (d) अतुल्य भारत

उत्तर–(d)

व्याख्या–भारतीय पर्यटन मंत्रालय ने भारत में पर्यटन को प्रोत्साहित करने हेतु जिस अवधारणा को लोकप्रिय करने का उपयोग किया है, वह अतुल्य भारत है। इसका उद्देश्य है भारतीय पर्यटन को वैश्विक मंच पर पदोन्नत करना।

नोट–पर्यटन मंत्रालय द्वारा अतुल्य भारत की स्थापना वर्ष 2002 में की गई।

115. 'पेट्रोलियम पदार्थों के उचित एवं पोषणीय मूल्यों' के संदर्भ में स्थापित विशेषज्ञ समूह के अध्यक्ष थे-

(a) सीताराम येचुरी (b) भरत झुनझुनवाला
(c) युद्ध वीर रेड्डी (d) किरीट पारीख

उत्तर–(d)

व्याख्या–प्रश्न काल के दौरान, फरवरी 2010 में पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों के उचित एवं पोषणीय मूल्य निर्धारण के लिए एक व्यावहारिक एवं टिकाऊ प्रणाली के लिए सुझाव देने के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया था। इसके अध्यक्ष डॉ किरिट एस. पारिख (योजना आयोग के सदस्य) थे।

116. ईरान के कम्प्यूटरों में पकड़ा गया 'स्टक्सनेट' वर्म (कृमि) है

(a) इन्टरनेट कार्य को गति प्रदान करने का एक हार्डवेयर
(b) नाभिकीय सेन्ट्रीफ्यूजों को नष्ट करने का एक द्वैषपूर्ण प्रोग्राम
(c) हैकिंग को अप्रभावी बनाने का एक सॉफ्टवेयर
(d) BPO का कार्य लेने की एक विधि

उत्तर–(b)

व्याख्या– ईरान के कम्प्यूटरों में पकड़ा गया 'स्टक्सनेट' वर्म (कृमि) नाभिकीय सेन्ट्रीफ्यूजों को नष्ट करने का एक द्वैषपूर्ण प्रोग्राम है। स्टक्सनेट विशेष रूप से प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर्स (पीएलसी) को लक्षित करता है जो कि इलेक्ट्रोमैकेनिकल प्रक्रियाओं के स्वचालन की अनुमति देता है। यह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को काफी नुकसान पहुँचाया।

117. नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ऐक्ट 2010 सम्बन्धित है-

(a) ग्रीन ईंधन उपयोग से
(b) ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को प्रोत्साहित करने से
(c) पर्यावरण संरक्षण से
(d) ग्रीन कोर्टों (न्यायालयों) के सृजन से

उत्तर–(d)

व्याख्या–नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ऐक्ट 2010 ग्रीन कोर्टो (न्यायालयों) के सृजन से सम्बन्धित है। पर्यावरण सम्बन्धी कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन व पर्यावरण अधिकारों की सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण को दिल्ली में 18 अक्टूबर, 2010 को स्थापित कर दिया। देश के चार हिस्सों में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण की एक-एक पीठ स्थापित की गई। 1. भोपाल 2. पुणे 3. कोलकाता 4. चेन्नई।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का मुख्यालय दिल्ली में है। वतर्मान में इसके अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव है।

118. वर्ष 2008 के ज्ञानपीठ पुरस्कार के विजेता हैं-

(a) अखलाक खाँ शहरयार (b) कुँवर नारायण
(c) ओ.एन.वी. कुरूप (d) रहमान राही

उत्तर–(a)

व्याख्या–वर्ष 2008 का ज्ञानपीठ पुरस्कार अखलाक मोहम्मद खाँ शहरयार को दिया गया था। यह उर्दू भाषा के प्रसिद्ध लेखक है। वर्ष 2022 का 57वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार कोंकणी भाषा के कवि दामोदर माउजो को दिया गया।

119. नवम्बर 2010 में टाईम पत्रिका द्वारा जारी ''पिछली सदी की 25 सर्वाधिक शक्तिशाली महिलाओं'' की सूची में श्रीमती इन्दिरा गाँधी को किस स्थान पर रखा गया है?

(a) 8वें (आठवें) (b) 9वें (नवें)
(c) 10वें (दसवें) (d) 11वें (ग्यारहवें)

उत्तर–(b)

व्याख्या–टाईम पत्रिका के सर्वे द्वारा पिछली सदी की विश्व की 25 शक्तिशाली महिलाओं में इन्दिरा गाँधी का 9वाँ स्थान है। वह महिला प्रधानमंत्री के रूप में विश्व की सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वाली महिला हैं। इसी सूची में मदर टेरेसा को 22वाँ स्थान दिया गया है। जबकि पहले स्थान पर अमेरिका की जैन ऐडम्स हैं। जिन्हें महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए किए गए कार्यों पर नोबेल पुरस्कार दिया गया है।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

120. नवम्बर 2010 में दिल्ली में अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रपति बराक ओबामा देखने गए

(a) हुमायूँ का मकबरा (b) जामा मस्जिद
(c) कुतुब मीनार (d) लाल किला

उत्तर–(a)

व्याख्या–नवम्बर 2010 में अपने दिल्ली प्रवास के दौरान राष्ट्रपति बराक ओबामा हुमायूँ का मकबरा देखने गये थे।

121. बुकर पुरस्कार 2010 के विजेता थे

(a) हॉवर्ड जैकबसन (b) जे.एम. कोएट्जी
(c) पीटर कैरे (d) टॉम मैकार्थी

उत्तर–(a)

व्याख्या–2010 के बुकर पुरस्कार विजेता हॉवर्ड जैकबसन थे। बुकर पुरस्कार 2022 श्रीलंका के लेखक शेहान करुवातिलक को उनके उपन्यास 'द सेवेन मून्स ऑफ माली अल्मीडा' के लिए दिया गया।

122. सूची I (नोबेल पुरस्कार 2010 के विजेता) को सूची II (क्षेत्र) से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची I	**सूची II**
A. रॉबर्ट एडवर्ड्स	1. शान्ति
B. रिचर्ड एफ. हेक	2. अर्थशास्त्र
C. लिउ जियाबो	3. रसायन शास्त्र
D. पीटर ए. डायमंड	4. चिकित्सा शास्त्र

कूट :

	A	B	C	D
(a)	2	3	4	1
(b)	3	4	1	2
(c)	4	1	2	3
(d)	4	3	1	2

उत्तर–(d)

व्याख्या–

राबर्ट एडवर्ड्स	– चिकित्सा शास्त्र
रिचर्ड हेक	– रसायन
लिउ जियाबो	– शांति
डायमंड	– अर्थशास्त्र

नोबल पुरस्कार, 2022

क्षेत्र	**प्राप्तकर्ता**
चिकित्सा विज्ञान	स्वांते पाबों
भौतिक विज्ञान	एलेन एस्पेक्ट, जॉन एफ. क्लॉजर, एंटोन जिलिंगर
रसायन विज्ञान	कैरोलिन आर. बर्टोज्जी, मार्टन मेल्डल, के. बैरी, शार्पलेस
साहित्य	एनी अर्नॉक्स
शांति	एलेस बिलियात्सकी, मेमोरियल, सेन्टर फॉर सिविल लिबर्टीज।
अर्थशास्त्र	बेन एस. बर्नके, डगलस डब्ल्यू डायमण्ड, फिलिप एच. डायबविग

123. नवम्बर 2010 में भारतीय-अमेरिकी, निक्की हैली, गवर्नर चुनी गई

(a) इलिनॉय की (b) नॉर्थ (उत्तरी) कैरोलिना की
(c) साउथ (दक्षिणी) कैरोलिना की (d) वर्जीनिया की

उत्तर–(c)

व्याख्या–भारतीय मूल की नेत्री निक्की हैली को दक्षिण कैरोलिना का गवर्नर चुना गया है। बॉबी जिन्दल के बाद वह दूसरी भारतीय हैं जिन्हें अमेरिका में गवर्नर पद के लिए चुना गया है।

124. वर्ष 2009 का दादा साहब फाल्के पुरस्कार के विजेता थे

(a) डी. रामानायडू (b) मन्ना डे
(c) तपन सिन्हा (d) वी.के. मूर्ति

उत्तर–(a)

व्याख्या–प्रख्यात दक्षिण भारतीय फिल्म निर्माता डी. रामानायडू को भारतीय सिनेमा में उनके अतुलनीय योगदान के लिए वर्ष 2009 के प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन्होंने अपनी पहली फिल्म 'अनुरागम्' के साथ वर्ष 1963 में फिल्म जगत में प्रवेश किया था। वर्ष 2022 में 52वाँ दादा साहब फाल्के पुरस्कार आशा पारेख को दिया गया।

125. 'राजीव गाँधी खेल रत्न' पुरस्कार, 2010 दिया गया-

(a) मैरी कॉम को (b) साइना नेहवाल को
(c) सुशील कुमार को (d) विजेन्दर सिंह को

उत्तर–(b)

व्याख्या–देश की शीर्ष महिला बैंडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल को उनकी शानदार अन्तर्राष्ट्रीय उपलब्धियों के लिए देश के सर्वोच्च पुरस्कार राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार 2010 से सम्मानित किया गया। ध्यातव्य है कि वर्ष 2021 में राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम परिवर्तित करके मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कर दिया गया। वर्ष 2022 में 25 खिलाड़ियों को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ जिसमें सीमा पुनिया (एथलेटिक्स), दीप ग्रेस एक्का (हॉकी), लक्ष्य सेन, प्रणय एच.एस (बैडमिंटन), अंशु, सरिता (कुश्ती) आदि शामिल हैं।

126. सोलहवें (16वें) एशियाई खेलों में कितने देशों/क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया?

(a) 43 (b) 44
(c) 45 (d) 46

उत्तर–(c)

व्याख्या–2010 में आयोजित सोलहवें एशियाई खेलों में 45 देश के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। 18वाँ एशियाई खेल इण्डोनेशिया के जकार्ता और पालेमबांग में वर्ष 2018 में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 45 देशों ने भाग लिया। इसमें भारत ने कुल 69 पदक (स्वर्ण-15, रजत-24, कांस्य-30) जीतकर एशियाड में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। 19वें एशियाई खेलों का आयोजन 2022 में हांगझोऊ (चीन) तथा 20वें एशियाई खेलों का आयोजन 2026 में नागोया (जापान) 21वें एशियाई खेल 2030 में दोहा, कतर तथा 22वें एशियाई खेल का आयोजन 2034 में रियाद, सऊदी अरब में होगा।

127. वह भारतीय खिलाड़ी जिसने उन्नीसवें (XIX) राष्ट्रकुल (कॉमनवेल्थ) खेलों में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीते, वह था

(a) गगन नारंग (b) गुरप्रीत सिंह
(c) ओमकार सिंह (d) विजय कुमार

उत्तर–(a)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या–19वें राष्ट्रमण्डल खेलों का आयोजन 3-14 अक्टूबर 2010 के मध्य दिल्ली में किया गया। भारतीय निशानेबाज गगन नारंग ने इन खेलों में भारत की तरफ से सर्वाधिक चार स्वर्ण पदक जीते और ऐसा करने वाले वे एकमात्र पुरुष एथलीट बनें।

22वें राष्ट्रमण्डल खेल का आयोजन 2022 में बर्मिंघम (यू.के.) में किया गया। इस संस्करण में ऑस्ट्रेलिया 67 स्वर्ण सहित कुल 178 पदकों के साथ प्रथम स्थान पर रहा, जबकि भारत 22 स्वर्ण, 16 रजत तथा 23 काँस्य पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। 23वें राष्ट्रमण्डल खेलों का आयोजन 2026 में विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) में किया जाएगा।

128. वर्ष 2010 का आई.सी.सी. 'वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर' है

(a) ए.बी. डीविलियर्स (b) रेयान हेरिस
(c) सचिन तेन्दुलकर (d) शेन वॉटसन

उत्तर–(a)

व्याख्या–साउथ अफ्रीकन खिलाड़ी ए.बी. डीविलियर्स को वर्ष 2010 का आई.सी.सी. द्वारा 'वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार बेंगलुरू में प्रदान किया गया।

आईसीसी पुरस्कार, 2022

पुरस्कार	**प्राप्तकर्ता**
सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी (आईसीसी पुरूष क्रिकेटर ऑफ द ईयर)	बाबर आज़म (पाकिस्तान)
राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी (आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर)	नैट सीवर (इंग्लैण्ड)
आईसीसी पुरूष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर	बेन स्टोक्स (इंग्लैण्ड)
आईसीसी पुरूष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर	बाबर आजम (पाकिस्तान)
आईसीसी पुरूष टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर	सूर्य कुमार यादव (भारत)

129. निम्नलिखित में से किन तीन प्रदर्शन-कला शैलियों (परफॉर्मिंग आर्ट फॉर्म्स) को यूनेस्को द्वारा मानवता की अविचारणीय (इन्टैनजिबल) सांस्कृतिक धरोहर में सम्मिलित कर लिया है?

1. केरल का मुडियट्टू
2. पूर्वी भारत का छऊ।
3. राजस्थान का कालबेलिया
4. आन्ध्र प्रदेश का कुचीपुड़ी

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

(a) 1, 2 एवं 4 (b) 2, 3 एवं 4
(c) 1, 3 एवं 4 (d) 1, 2 एवं 3

उत्तर–(d)

व्याख्या–यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की अवधारणा 1990 के दशक में सामने आयी जो मुख्यतः संस्कृति के अमूर्त पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित करती है। वर्तमान में भारत के कुल 14 अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर स्थल यूनेस्कों सूची में शामिल हैं जिसमें केरल का मृडियेट्टू, पूर्वी भारत का छऊ, राजस्थान का कालबेलिया, कुम्भ मेला दुर्गा पूजा आदि सम्मिलित हैं। जबकि कुचीपुड़ी इस सूची में शामिल नहीं है।

130. संयुक्त राज्य अमरीका के अन्तर्राष्ट्रीय खाद्य नीति शोध संस्थान ने 'वैश्विक भूख सूचकांक 2010' की घोषणा अक्टूबर 10 को की गयी है, जिसके अनुसार भारत का स्थान है-

(a) 65वाँ (b) 66वाँ
(c) 67वाँ (d) 68वाँ

उत्तर–(c)

व्याख्या– वैश्विक भूख सूचकांक 2010 में भारत का 67वाँ स्थान था जबकि वैश्विक भूख सूचकांक 2022 में विश्व के 121 देशों में भारत 107वें स्थान पर है।

131. सत्रहवाँ (17वाँ) आसियान शिखर सम्मेलन अक्टूबर 2010 के अन्तिम सप्ताह में सम्पन्न हुआ था-

(a) बैंकाक में
(b) हनोई में
(c) जकार्ता में
(d) सिंगापुर में

उत्तर–(b)

व्याख्या–17वाँ आसियान शिखर सम्मेलन 31 अक्टूबर 2010 को वियतनाम की राजधानी हनोई में सम्पन्न हुआ था। 43वाँ आसियान शिखर सम्मेलन, 2023 का आयोजन 5-7 सितम्बर, 2023 को जकार्ता, इंडोनेशिया में हुआ।

नोट– यह 10 दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का एक क्षेत्रीय संगठन है जो एशिया प्रशान्त के उपनिवेशी राष्ट्रों के बढ़ते सामाजिक स्थिरता को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 1967 में स्थापित किया गया।

132. राष्ट्रमंडल खेल 2010 में निम्न में से किसने सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीते थे?

(a) क्रिस्टिन गेरार्ड
(b) मैरिलस प्रेवोस्ट
(c) एलिशिय जेन काउट्स
(d) प्रोन पियर्स

उत्तर–(c)

व्याख्या–19वें राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 3-14 अक्टूबर 2010 के मध्य दिल्ली में किया गया। ऑस्ट्रेलिया के तैराक एलिशिय जेन काउट्स ने सर्वाधिक पाँच स्वर्ण पदक जीते। 22वाँ राष्ट्रमण्डल खेल वर्ष 2022 में बर्मिंघम (यू.के.) में आयोजित किया गया। 23वें राष्ट्रमण्डल खेल का आयोजन वर्ष 2026 में ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में होगा।

133. विश्व का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा स्टेशन प्रारम्भ किया गया है-

(a) ऑस्ट्रेलिया में (b) इंग्लैंड में
(c) फ्रांस में (d) जर्मनी में

उत्तर–(c)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या– प्रश्नकाल के दौरान विश्व का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा स्टेशन फ्रांस में प्रारम्भ किया गया। किन्तु वर्तमान में भादला सोलर पार्क जोधपुर, राजस्थान विश्व का सबसे बड़ा सोलर पार्क है। यह 56 वर्ग किमी. के क्षेत्र को कवर करता है। तथा इसकी कुल स्थापित क्षमता 2245 मेगावॉट है।

134. वार्षिक फोर्ब्स इण्डिया धनिकों की सूची के अनुसार (नवम्बर 2010) भारत की सर्वाधिक धनी महिला कौन हैं?

(a) सुश्री मृणालिनी साराभाई

(b) सुश्री नम्रता भारतीया

(c) श्रीमती सावित्री जिन्दल

(d) सुश्री राजश्री पाथी

उत्तर–(c)

व्याख्या–अमेरिकी पत्रिका फोर्ब्स इण्डिया 2019 नामक जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत की सर्वाधिक धनी महिला सावित्री जिन्दल (ओ.पी. जिंदल ग्रुप) थी। फोर्ब्स 2023 की 100 सबसे अमीर महिलाओं की सूची में भारतीय मूल की चार महिलाओं जय श्री उल्लाल, इंदिरा नूयी, नेहा नरखेड़े तथा नीरजा सेठी ने जगह बनाई है। जय श्री उल्लाल को सूची में 15वें स्थान पर रखा गया है। यह रैंकिंग भारतीय मूल के उद्योगपतियों में सबसे अधिक हैं।

135. तेम्भाली गाँव सितम्बर 2010 में चर्चा में था-

(a) कृषकों की समूह आत्महत्याओं से

(b) 'जुगनू' परियोजना से

(c) 'आधार' परियोजना से

(d) उपर्युक्त में से किसी से नहीं

उत्तर–(c)

व्याख्या–महाराष्ट्र के तेम्भाली ग्राम से सितम्बर 2010 में आधार परियोजना का शुभारम्भ किया गया। रंजना सोनावणे प्रथम भारतीय हैं जिन्हें सर्वप्रथम आधार कार्ड प्रदान किया गया।

136. भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान स्थापित है-

(a) लखनऊ में (b) जबलपुर में

(c) कानपुर में (d) नई दिल्ली में

उत्तर–(c)

व्याख्या–भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर में स्थापित है। इसके अतिरिक्त नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, भारतीय मौसम विज्ञान संस्थान स्थित है। केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान तथा केन्द्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ में स्थापित हैं।

137. समस्त विश्व में 17 नवम्बर को 'विश्व सी.ओ.पी.डी. दिवस' के रूप में मनाया जाता है। सी.ओ.पी.डी. का पूर्ण रूप है-

(a) क्रॉनिक ऑब्लिग्रेटी पल्मोनरी डिजीज

(b) कम्यूनिकेबल ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज

(c) क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव फैरंजियल डिजीज

(d) क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज

उत्तर–(d)

व्याख्या–विश्व सी.ओ.पी.डी. दिवस क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज के रूप में मनाया जाता है। यह बीमारी मुख्यतया ठण्डी ऋतु में आक्रमण करती है जिसमें मनुष्य की रक्त संचार वाहिकाएँ अवरुद्ध हो जाती हैं जिसके कारण आदमी को हृदयाघात पड़ने की सम्भावना अत्यधिक बढ़ जाती है।

138. विश्व में मदिरा का वृहत्तम उत्पादक है-

(a) फ्रान्स (b) इटली

(c) स्पेन (d) संयुक्त राज्य अमेरिका

उत्तर–(b)

व्याख्या–प्रश्नकाल के समय विश्व में मदिरा का वृहत्तम उत्पादन इटली में होता था।

वर्ष 2022 में शीर्ष शराब उत्पादक देश क्रमशः इटली–49.8 मिलियन हेक्टोलीटर, फ्रांस- 45.6 मिलियन हेक्टोलीटर, स्पेन–35.7 मिलियन हेक्टोलीटर।

139. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची I (क्षेत्र)	**सूची II (कलाकार)**
A. खयाल	1. सूरज खाँ
B. पखावज	2. सादिक अली खाँ
C. वीणा वादन	3. पं. अयोध्या प्रसाद
D. तबला	4. वीरू मिश्रा

कूट :

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	1	2	3	4	(b)	2	1	4	3
(c)	1	3	2	4	(d)	3	4	1	2

उत्तर–(c)

व्याख्या–सही सुमेल निम्नवत् है-

क्षेत्र	**कलाकार**
खयाल	सूरज खाँ
पखावज	पं. अयोध्या प्रसाद
वीणा वादन	सादिक अली खाँ
तबला	वीरू मिश्रा

140. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची I (क्षेत्र)	**सूची II (व्यक्ति)**
A. हिन्दी साहित्य	1. रसखान
B. उर्दू	2. ज्ञान चन्द्र जैन
C. संगीत एवं नृत्यकला	3. सविता देवी
D. चित्रकला	4. सतीश चन्द्र

कूट :

	A	B	C	D		A	B	C	D
(a)	1	2	3	4	(b)	2	1	4	3
(c)	1	3	2	4	(d)	3	4	1	2

उत्तर–(a)

व्याख्या–सही सुमेल निम्नवत् है-

क्षेत्र	**व्यक्ति**
हिन्दी साहित्य	रसखान
उर्दू	ज्ञान चन्द्र जैन
संगीत एवं नृत्य कला	सविता देवी
चित्रकला	सतीश चन्द्र

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रीलिम्स) परीक्षा, 2010

सामान्य हिन्दी

हल प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द है –

(a) गरम (b) नरक
(c) नरम (d) तीर्थ

उत्तर – (d)

व्याख्या – हिन्दी में प्रयुक्त अधिकांश शब्दों की जननी संस्कृत भाषा ही है। इनमें कतिपय शब्द तद्नुरूप अपनी गरिमा हिन्दी भाषा में अद्यतन बनाये हुए हैं। जो तत्सम के नाम से जाने जाते हैं। उक्त दिये गये विकल्पों में तीनों को छोड़कर विकल्प (d) 'तीर्थ' संस्कृत का शब्द है जो तत्सम शब्द है।

2. 'अँगीठी' का तत्सम शब्द है –

(a) अग्निका (b) अंनिष्ठका
(c) अग्निष्ठिका (d) अग्निष्ठिकी

उत्तर – (c)

व्याख्या – 'अँगीठी' का तत्सम शब्द 'अग्निष्ठिका' है। जबकि विकल्प में दिये गये अन्य तीनों शब्द त्रुटिपूर्ण हैं।

3. निम्नलिखित में से कौन तद्भव शब्द है?

(a) दिनकर (b) दिवाकर
(c) प्रभाकर (d) सूरज

उत्तर – (d)

व्याख्या – ऐसे शब्द जो संस्कृत से उत्पन्न एवं विकसित हुए हैं, तद्भव शब्द कहलाते हैं। तत् + भव, जिसका आशय है 'उससे उत्पन्न'। ऐसे शब्दों को देखकर सहज ही अनुमान हो जाता है कि ये संस्कृत के किस शब्द से प्रस्फुटित हुए हैं। **जैसे**– दिये गये विकल्प में 'सूरज' शब्द को देखकर स्पष्ट भान हो जाता है कि यह 'सूर्य' शब्द से बना हुआ है।

4. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'तत्सम' नहीं है?

(a) आँख (b) नयन
(c) नेत्र (d) दृग

उत्तर – (a)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में नेत्र, नयन और दृग तत्सम शब्द हैं जबकि 'आँख' तद्भव शब्द है। आँख का तत्सम शब्द 'अक्षि' होता है।

5. निम्नलिखित में 'तत्सम' शब्द है –

(a) कान (b) जीभ
(c) मुख (d) दाँत

उत्तर – (c)

व्याख्या – दिये गये विकल्प में 'मुख' तत्सम शब्द है जबकि इसका तद्भव शब्द 'मुँह' होता है। अन्य विकल्प कान, जीभ और दाँत ये तद्भव शब्द हैं जिनका तत्सम रूप क्रमशः होगा कर्ण, जिह्वा और दंत।

6. निम्नलिखित में से कौन शब्द तद्भव है?

(a) मधुप (b) मधुकर
(c) भ्रमर (d) भँवरा

उत्तर – (d)

व्याख्या – निर्दिष्ट विकल्पों में मधुप, मधुकर और भ्रमर ये तत्सम शब्द हैं, जबकि 'भँवरा' तद्भव शब्द है। 'भँवरा' का तत्सम रूप 'भ्रमर' होता है।

7. 'सिंगार' शब्द का तत्सम है –

(a) श्रृंगार (b) श्रंगार
(c) शृंगार (d) शिंगार

उत्तर – (c)

व्याख्या – 'सिंगार' शब्द का तत्सम रूप 'शृंगार' होता है। अन्य विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

8. 'हल्दी' शब्द का तत्सम है –

(a) हरदी (b) हरिद्रा
(c) हल्दिका (d) हरद्रिका

उत्तर – (b)

व्याख्या – 'हल्दी' शब्द का तत्सम शब्द 'हरिद्रा' होता है जबकि अन्य तीनों विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

9. 'गेहूँ' शब्द का तत्सम है –

(a) गोधूम (b) गोहूँ
(c) गोहुम (d) गोधुम

उत्तर – (a)

व्याख्या – 'गेहूँ' शब्द का तत्सम शब्द 'गोधूम' होता है। अन्य तीनों विकल्प असत्य हैं।

10. 'खँडहर' का तत्सम शब्द है –

(a) खण्डहर (b) खंडघर
(c) खण्डगृह (d) खड़हर

उत्तर – (c)

व्याख्या – 'खँडहर' शब्द का तत्सम शब्द 'खण्डगृह' होता है। शेष विकल्पों के शब्द त्रुटिपूर्ण हैं।

11. 'वह श्रेष्ठ उपासक है' में विशेष्य है –

(a) वह (b) श्रेष्ठ (c) उपासक (d) है

उत्तर – (c)

व्याख्या – जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतलाता है, उसे विशेषण कहते हैं तथा विशेषण जिसकी विशेषता बतलाता है उसे विशेष्य कहते हैं। 'उपासक' विशेष्य शब्द है।

12. 'भले और महान लोग उचित और संयमित व्यवहार करते हैं।'

उपर्युक्त वाक्य में कितने विशेषण विशेष्य हैं?

(a) दो विशेषण और दो विशेष्य
(b) तीन विशेषण और दो विशेष्य
(c) चार विशेषण और तीन विशेष्य
(d) चार विशेषण और दो विशेष्य

उत्तर – (d)

व्याख्या – दिये गये विकल्प में 'चार विशेषण और दो विशेष्य' हैं। 'भले' और 'महान', उचित और संयमित विशेषण हैं। लोग एवं व्यवहार विशेष्य हैं।

13. 'यह गाय अधिक दूध देती है' उक्त वाक्य में 'अधिक' विशेषण किसकी विशेषता बता रहा है?

(a) गाय की (b) दूध की
(c) देने की (d) किसी की नहीं

उत्तर – (b)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या–दिये गये विकल्प में 'अधिक' शब्द 'दूध' की विशेषता बतला रहा है न कि गाय की। अधिक एवं कम परिमाणवाचक विशेषण शब्द हैं।

14. 'विद्वान् व्यक्ति पूज्य होते हैं' में प्रयुक्त विशेषण है –
(a) सार्वनामिक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) परिमाणबोधक विशेषण
उत्तर – (b)

व्याख्या – 'विद्वान व्यक्ति पूज्य होते हैं' में गुणवाचक विशेषण है। जिस विशेषण से संज्ञा या सर्वनाम के गुण, रूप, रंग, आकार, अवस्था, स्वभाव, दशा, स्वाद, स्पर्श, गंध, दिशा, स्थान, समय, भार, तापमान आदि का बोध होता है, गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं।

15. निम्नलिखित में से कौन शब्द विशेषण नहीं है –
(a) उत्कृष्ट (b) निकृष्ट
(c) धृष्ट (d) विषाद
उत्तर – (d)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में उत्कृष्ट, निकृष्ट और धृष्ट शब्द विशेषण हैं। जबकि 'विषाद' शब्द विशेषण नहीं है। यह एक संयुक्त क्रिया है। जहाँ क्रिया में दो या दो से अधिक धातु मिले हों वह संयुक्त क्रिया कहलाती है।

16. निम्नलिखित शब्दों में से जो शब्द विशेषण नहीं है, उसका उल्लेख कीजिए –
(a) सज्जन (b) दुर्जन
(c) सुकुमार (d) मानस
उत्तर – (d)

व्याख्या – दिये गये विकल्प में सज्जन, दुर्जन और सुकुमार विशेषण शब्द हैं जबकि 'मानस' विशेषण नहीं है अपितु यह शब्द कर्म का द्योतक है।

17. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'विशेषण' नहीं है?
(a) आगामी (b) शान्त (c) काला (d) तुम
उत्तर – (d)

व्याख्या – आगामी, काला और शान्त विशेषण शब्द है जबकि 'तुम' शब्द पुरुषवाचक सर्वनाम है। ऐसे सर्वनाम जो किसी पुरुष या स्त्री के लिए प्रयुक्त होते हैं, पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे - मैं, हम, तू, तुम, आप, वह, वे, यह और ये।

18. 'विशेष्य' शब्द है –
(a) ललिता (b) सुन्दर
(c) लम्बा (d) लघु
उत्तर – (a)

व्याख्या – 'ललिता' विशेष्य शब्द है, जबकि सुन्दर, लम्बा, लघु विशेषण शब्द है।

19. निम्नलिखित में विशेष्य पद है –
(a) उमा (b) कालिमा (c) मधुरिमा (d) महिमा
उत्तर – (a)

व्याख्या – कालिमा, महिमा और मधुरिमा विशेषण शब्द हैं। जबकि उमा विशेष्य पद है।

20. निम्नलिखित में विशेषण पद है –
(a) उपासना (b) उद्गार
(c) आयतलोचना (d) वन्दना
उत्तर – (c)

व्याख्या – उक्त प्रश्न विकल्पों में आयतलोचना विशेषण पद है।

21. 'जीभ' का पर्याय है –
(a) वचन (b) रसना
(c) ध्वनि (d) जीव
उत्तर– (b)

व्याख्या – 'जीभ' का पर्यायवाची शब्द 'रसना' होता है जबकि वचन, ध्वनि और जीव का जीभ से कोई आशय नहीं है।

22. कौन सा शब्द 'अहि' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) उरग (b) सरीसृप
(c) पवनाश (d) सिंधुर
उत्तर – (d)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में 'अहि' का पर्यायवाची शब्द 'सिंधुर' नहीं है। सिंधुर का आशय हाथी से है, जबकि अहि, उरग, सरीसृप, पवनाश सर्प का पर्यायवाची शब्द है।

23. 'नैसर्गिक' का पर्यायवाची है –
(a) सत्कृत (b) चमत्कृत
(c) प्राकृतिक (d) चतुर्दिक्
उत्तर – (c)

व्याख्या – 'नैसर्गिक' का पर्यायवाची शब्द 'प्राकृतिक' होता है जबकि सत्कृत, चमत्कृत और चतुर्दिक का नैसर्गिक शब्द से कोई लेना-देना नहीं है।

24. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'हाथ' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) कटि (b) हस्त (c) पाणि (d) कर
उत्तर – (a)

व्याख्या – 'हाथ' का पर्यायवाची शब्द 'कटि' नहीं होता जबकि हस्त, पाणि और कर हाथ के पर्यायवाची शब्द हैं। 'कटि' शब्द 'कमर प्रदेश' के लिए प्रयुक्त होता है।

25. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'सूर्य' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) प्रभाकर (b) विभाकर
(c) दिनकर (d) दिनेश
उत्तर – (b)

व्याख्या – 'सूर्य' का पर्यायवाची शब्द प्रभाकर, दिनकर और दिनेश होता है जबकि 'विभाकर' 'सूर्य' का नहीं बल्कि चन्द्रमा का पर्याय है।

26. 'चाँदनी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है –
(a) चन्द्रातप (b) कौमुदी
(c) ज्योत्स्ना (d) मयंक
उत्तर – (d)

व्याख्या – 'मयंक चाँदनी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है। मयंक का आशय 'चन्द्रमा' से है जबकि चंद्रातप, कौमुदी और ज्योत्स्ना चाँदनी का पर्यायवाची शब्द है।

27. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'सरस्वती' का पर्यायवाची नहीं है?
(a) वीणापाणि (b) महाश्वेता
(c) पद्मा (d) भारती
उत्तर – (c)

व्याख्या–दिये गये विकल्प में 'पद्मा' शब्द सरस्वती का पर्यायवाची नहीं है। पद्मा का अर्थ 'लक्ष्मी' से है जबकि वीणापाणि, महाश्वेता और भारती, सरस्वती का पर्यायवाची शब्द है।

28. 'जनार्दन' किसका पर्यायवाची है?
(a) राम (b) कृष्ण (c) विष्णु (d) ब्रह्मा
उत्तर – (c)

व्याख्या – 'जनार्दन' विष्णु का पर्यायवाची शब्द है। जनार्दन के अन्य पर्यायवाची हैं – हरि, लक्ष्मीकान्त आदि।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

29. निम्नलिखित में कौन सा शब्द 'समुद्र' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) पयोधि (b) जलद
(c) जलधि (d) वारिधि

उत्तर – (b)

व्याख्या – दिये गये विकल्प में 'समुद्र' का पर्यायवाची पयोधि, जलधि, वारिधि होता है। जबकि 'जलद' शब्द का आशय बादल से है। समुद्र का अन्य पर्यायवाची शब्द रत्नाकर, नीरनिधि, पयोनिधि, उदधि, वारीश आदि हैं।

30. निम्नलिखित में 'शिव' का पर्यायवाची शब्द है –

(a) शिवालय (b) रुद्र
(c) रुद्राक्ष (d) हरि

उत्तर – (b)

व्याख्या – दिये गये विकल्प में 'शिव' का पर्यायवाची शब्द 'रुद्र' होता है न कि शिवालय, रुद्राक्ष और हरि। शिव का अन्य पर्यायवाची शब्द है – शम्भु, त्रिपुरारि, महादेव, देवाधि देव, कैलाशपति, शंकर आदि।

31. 'अथ' का विलोम है –

(a) पूर्ण (b) समाप्त
(c) इति (d) खत्म

उत्तर – (c)

व्याख्या – 'अथ' का विलोम 'इति' होता है जबकि पूर्ण का 'अपूर्ण', समाप्त का 'आरम्भ' और खत्म का 'शुरू' विलोम शब्द होता है।

32. 'अभिज्ञ' का विलोम है –

(a) अज्ञ (b) तज्ञ (c) प्रज्ञ (d) चतुर

उत्तर – (a)

व्याख्या – 'अभिज्ञ' का विलोम अनभिज्ञ होता है जबकि 'अज्ञ' का 'विज्ञ' होता है। चूँकि विकल्प में अनभिज्ञ नहीं दिया गया है अतः अभिज्ञ का विलोम 'अज्ञ' ही होगा।

33. 'कृतज्ञ' का विलोम है –

(a) अकृतज्ञ (b) संवेदनहीन
(c) कृतघ्न (d) जड़

उत्तर – (c)

व्याख्या – 'कृतज्ञ' का विलोम शब्द 'कृतघ्न' होता है जबकि जड़ का चेतन, संवेदनहीन का संवेदनशील होता है।

34. 'संकीर्ण' का विलोम है –

(a) संक्षेप (b) विस्तार
(c) विकीर्ण (d) विस्तीर्ण

उत्तर – (d)

व्याख्या – 'संकीर्ण' का विलोम 'विस्तीर्ण' होता है न कि विस्तार, विकीर्ण और संक्षेप। जबकि संक्षेप का विलोम विस्तार होता है।

35. 'अनुरक्ति' का विलोम है –

(a) विराग (b) विरक्ति
(c) तिरोभाव (d) संसक्ति

उत्तर – (b)

व्याख्या – 'अनुरक्ति' का विलोम 'विरक्ति' होता है जबकि विराग का अनुराग तथा तिरोभाव का आर्विभाव होता है।

36. 'सापेक्ष' का विलोम शब्द है –

(a) असापेक्ष (b) निष्पक्ष
(c) निरपेक्ष (d) आपेक्ष

उत्तर – (c)

व्याख्या – 'सापेक्ष' का विलोम 'निरपेक्ष' होता है जबकि असापेक्ष, निष्पक्ष और आपेक्ष शब्द का आशय प्रश्न से बिल्कुल असम्बद्ध है।

37. 'विग्रह' का विलोम –

(a) सन्धि (b) अविग्रह
(c) आग्रह (d) ग्रहण

उत्तर – (a)

व्याख्या – 'विग्रह' का विलोम 'सन्धि' होता है न कि आग्रह, ग्रहण और अविग्रह।

38. निम्नलिखित में कौन सा विलोम युग्म त्रुटिपूर्ण है?

(a) अपेक्षा - उपेक्षा (b) अग्रज - अनुज
(c) उन्नत - अवगत (d) आदान - प्रदान

उत्तर – (c)

व्याख्या – दिये गये विलोम युग्म में अपेक्षा - उपेक्षा, अग्रज - अनुज और आदान - प्रदान सही विलोम युग्म है। जबकि 'उन्नत' का विलोम 'अवनत' होता है न कि अवगत।

39. 'यथार्थ' का विलोम है –

(a) कृत्रिम (b) आदर्श (c) उचित (d) अनुचित

उत्तर – (b)

व्याख्या – यथार्थ का विलोम 'आदर्श' होता है वहीं 'कृत्रिम' का प्राकृत, अनुचित का उचित विलोम शब्द होता है।

40. 'साधु' का विलोम शब्द है –

(a) साधुनी (b) सन्यासिनी
(c) साध्वी (d) असाधु

उत्तर – (d)

व्याख्या – 'साधु' का विलोम 'असाधु' होता है न कि साध्वी, संन्यासिनी और साधुनी।

41. किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?

(a) लंगड़ (b) बुझक्कड़ (c) कोंकण (d) भुख्खड़

उत्तर – (d)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में लंगड़, बुझक्कड़ और कोंकण शब्द शुद्ध हैं। विकल्प (d) में दिया गया शब्द 'भुख्खड़' अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप होगा 'भुक्खड़'।

42. किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?

(a) निरनुनासिक (b) छिद्रान्वेशी
(c) गत्यर्थ (d) अन्तश्चेतना

उत्तर – (b)

व्याख्या – निरनुनासिक, गत्यर्थ और अन्तश्चेतना तीनों शुद्ध हैं जबकि छिद्रान्वेशी अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप होगा छिद्रान्वेषी।

43. कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) आपका शासन सम्बन्धी कार्य अधिक विख्यातपूर्ण है
(b) आपको भूमि-भवन-वाहन का अभिनव सुख की प्राप्ति होगी
(c) यह समाचार पूरे देश भर में तुरन्त फैल गया
(d) तुम्हें कल कुछ हो जाये तो मैं कहीं का नहीं रहूँगा

उत्तर – (d)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में विकल्प (d) तुम्हें कल कुछ हो जाये तो मैं कहीं का नहीं रहूँगा। वाक्य शुद्ध है।

44. कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) रोगी अपनी कमजोरियों के कारण उठ तक नहीं पा रहा था
(b) राजपथ की सड़क से झाँकियां वापस लौट गईं
(c) शिकारी उस पर गोली चलाई पर वह शेर बच निकला
(d) उस समय चरखा चलाना भी एक अनुशासन था

उत्तर – (d)

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में 'उस समय चरखा चलाना भी एक अनुशासन था'। वाक्य शुद्ध है।

45. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) कवयित्री (b) कवियित्री
(c) कवियत्री (d) कवित्री
उत्तर – (a)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'कवयित्री' है न कि अन्य तीनों विकल्प।

46. निम्नलिखित में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) शुश्रूषा (b) सुश्रूषा (c) सुश्रुषा (d) श्रुशूषा
उत्तर – (a)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'शुश्रूषा' है न कि अन्य तीनों शब्द।

47. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) ईर्शा (b) ईर्षा (c) इर्षा (d) ईर्ष्या
उत्तर – (d)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'ईर्ष्या' है। शेष विकल्पों के शब्द त्रुटिपूर्ण हैं।

48. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है –
(a) उल्लंघन (b) मनोरथ
(c) उज्वल (d) वत्सल
उत्तर – (c)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में उल्लंघन, मनोरथ और वत्सल सही शब्द हैं जबकि विकल्प (c) में दिया गया शब्द उज्वल शब्द अशुद्ध है। इसका शुद्ध वर्तनी होगा - 'उज्ज्वल'।

49. शुद्ध शब्द रूप है –
(a) दुरनिवार (b) दुर्नीवार
(c) दुःनिवार (d) दुर्निवार
उत्तर – (d)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी 'दुर्निवार' है। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

50. 'ऊँटों का ...... जा रहा है' वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त (शुद्ध) शब्द से कीजिए।
(a) कारवाँ (b) जत्था (c) काफिला (d) बेड़ा
उत्तर – (c)

व्याख्या – दिये गये विकल्पों में 'काफिला' शब्द उपयुक्त है न कि कारवां, जत्था और बेड़ा।

51. खाद्य सामग्री जो यात्रा के समय रास्ते में उपभोग के लिए दी जाती है –
(a) स्वल्पाहार (b) पथ्य (c) पाथेय (d) उपाहार
उत्तर – (c)

व्याख्या – खाद्य सामग्री जो यात्रा के समय रास्ते में उपभोग के लिए प्रदान की जाती है, उसे 'पाथेय' कहा जाता है।

52. आधी रात का समय –
(a) शर्वरी (b) विभावरी
(c) निशा (d) निशीथ
उत्तर – (d)

व्याख्या – आधी रात का समय के लिए प्रयुक्त शब्द 'निशीथ' होता है न कि शर्वरी, विभावरी और निशा।

53. जिसके पास कुछ न हो, उसके लिए उपयुक्त शब्द है –
(a) अभावग्रस्त (b) अकिंचन
(c) दीनहीन (d) महादीन
उत्तर – (b)

व्याख्या – 'जिसके पास कुछ न हो' उसके लिए उपयुक्त शब्द है - 'अकिंचन' न कि दीन-हीन, महादीन एवं अभावग्रस्त।

54. 'जिसे बुलाया न गया हो' वाक्य के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द है –
(a) अतिथि (b) अभ्यागत
(c) अनाहूत (d) रिश्तेदार
उत्तर – (c)

व्याख्या – 'जिसे बुलाया न गया हो' वाक्य के लिए उपयुक्त शब्द है - अनाहूत। जबकि अतिथि, जिसके आने की कोई तिथि ज्ञात न हो के लिए प्रयुक्त शब्द है।

55. 'मोक्ष की इच्छा रखने वाला' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है –
(a) योगी (b) मुक्तिकामी
(c) मुमुक्षु (d) तपस्वी
उत्तर – (c)

व्याख्या – मोक्ष की इच्छा रखने वाला 'मुमुक्षु' कहा जाता है न कि योगी, मुक्तिकामी एवं तपस्वी।

56. रंगमंच के पर्दे के पीछे का स्थान कहा जाता है –
(a) पृष्ठभूमि (b) नेपथ्य
(c) मंचपृष्ठ (d) गुह्यमंच
उत्तर – (b)

व्याख्या – रंगमंच के परदे के पीछे का स्थान कहा जाता है - 'नेपथ्य', न कि पृष्ठभूमि, मंचपृष्ठ एवं गुह्यमंच।

57. 'हवन में जलाने वाली लकड़ी' के लिए शुद्ध शब्द है –
(a) हवनसामग्री (b) वनकाष्ठ
(c) शुष्ककाष्ठ (d) समिधा
उत्तर – (d)

व्याख्या – हवन में जलाने वाली लकड़ी के लिए शुद्ध शब्द है - 'समिधा', न कि हवन सामग्री, वनकाष्ठ एवं शुष्क काष्ठ।

58. 'दिशाएं ही जिनका वस्त्र है' उन्हें कहा जाता है –
(a) विश्वम्भर (b) दिक्पाल
(c) दिगम्बर (d) पैगम्बर
उत्तर – (c)

व्याख्या – 'दिशायें ही जिनका वस्त्र हैं उन्हें दिगम्बर कहा जाता है', न कि विश्वम्भर, दिक्पाल एवं पैगम्बर।

59. जिसका जन्म कन्या के गर्भ से हुआ हो –
(a) कन्यापुत्र (b) कानीन
(c) अवैध पुत्र (d) कुमारीसुत
उत्तर – (b)

व्याख्या – 'जिसका जन्म अविवाहित कन्या के गर्भ से हुआ हो' उसे 'कानीन' कहते हैं न कि अवैध पुत्र, कन्यापुत्र व कुमारीसुत।

60. 'पेट की अग्नि' के लिए शुद्ध शब्द है –
(a) दावाग्नि (b) बड़वाग्नि
(c) जठराग्नि (d) मन्दाग्नि
उत्तर – (c)

व्याख्या – 'पेट की अग्नि' के लिए शुद्ध शब्द है 'जठराग्नि', न कि दावाग्नि, बड़वाग्नि व मंदाग्नि।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"